हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 35.4 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री



शहीद चौक यातायात थाने के पास लगाई गई चेम्बर में जाली।



मंगला गजमोहिनी अपार्टमेंट की घटना : जेसीबी से दीवार तोड़कर 10 दमकल पानी से आग पर पाया गया काबू

# रिहायशी अपार्टमेंट में बना लिया इलेक्ट्रानिक सामान का गोदाम
# आग लगने से अपार्टमेंट में रहने वाले फ्लैट छोड़कर भागे



**दीवार तोड़कर आग बुझाई गई**

भारी बड़े गोदाम में अंदर जाने के लिए संकरा रास्ता था, जिससे एसडीआरएफ की टीम को अंदर जाने में भारी परेशानी हो रही थी। उसके बाद जेसीबी बुलाकर गोदाम के दीवार को तोड़ा गया। उसके बाद पर टीम अंदर जाकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गई।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला स्थित गजमोहिनी अपार्टमेंट के नीचे ग्राउंड फ्लोर नियम विरुद्ध बनाए गए इलेक्ट्रानिक सामान के गोदाम में शार्ट सर्किट से भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने से अपार्टमेंट के लोग घबराकर फ्लैट छोड़कर भागने लगे, अंदर जाने का रास्ता नहीं होने पर जेसीबी से दीवार तोड़ी गई, फिर 10 दमकल पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग लगने से गोदाम में रखा इलेक्ट्रानिक सामान जलकर राख हो गया है। पुलिस ने गोदाम संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला गजमोहिनी अपार्टमेंट में कुल 48 फ्लैट हैं। नीचे ग्राउंड फ्लोर में अरूण अग्रवाल का इलेक्ट्रानिक सामान का गोदाम है। पुराना बस स्टैण्ड टेलीफोन एक्सचेंज रोड में उनकी दुकान है। रविवार की सुबह 5 से 6 बजे के बीच गोदाम में काम करने वाले कर्मचारी धुंआ निकलते देखकर चिल्लाते हुए गोदाम से बाहर निकल गए। देखते ही देखते गोदाम भीषण आग की चपेट में आ गया। ऊफर के फ्लैट में रहने वाले लोगों ने नीचे आकर देखा तो वे घबरा गए, लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर अपार्टमेंट पहुंच गए। गोदाम में भीषण आग लगी हुई थी। 10 दमकल पानी से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। भीषण आग से गोदाम में रखे लाखों के इलेक्ट्रानिक सामान जलकर खाक हो गए है।

### गोदाम संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

टीआई एसआर साहू ने बताया, नगर निगम इंजीनियर जुगल किशोर सिंह ने रिपोर्ट लिखाई अपार्टमेंट के पार्किंग को गोदाम बना लिया गया था। इसके अलावा गोदाम में ज्वलनशील सामान रखकर फ्लैट में रहने वालों के जीवन को संकट डाला गया है। धुंआ भरने से लोगों को फ्लैट छोड़कर बाहर निकलकर जान बचानी पड़ी है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर गोदाम संचालक अरूण अग्रवाल के खिलाफ आपराधिक अतिचार बीएनएस की धारा 329, 1, 287, 290, 125 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रिहायशी अपार्टमेंट में चल रहा गोदाम

रिहायशी अपार्टमेंट के नीचे एक व्यापारी ने ग्राउंड फ्लोर के चारों ओर से दीवार खड़ी कर नियम विरूद्ध गोदाम बना है। उसमें इलेक्टानिक सामान रखा जा रहा था। शार्टसर्किट होने से गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे अपार्टमेंट के फ्लैट में रहने वाले लोगों को जान का खतरा बन गया था।

### एक घण्टे देर से पहुंची दमकल

अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने बताया कि गोदाम में भीषण आग लगने से तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। उसके एक घण्टे बाद एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंची। समय पर दमकल पहुंच जाती तो भीषण आग पर काबू पाया जा सकता था।

### अपार्टमेंट में भर गया धुंआ

भीषण आग लगने से गोदाम से धुंए का गुबार बाहर निकलने लगा। धुंआ लोगों के फ्लैट में घुसा तो अफरा तफरी मच गई। लोग घर छोड़कर नीचे आ गए। धुंए से आसपास क्षेत्र में भी अंधेरा छा गया था। इससे वहां रहने वाले लोग परेशान हुए। सामान निकालने में काफी मशक्कत करना पड़ा।

### जांच की जाएगी

अपार्टमेंट के नीचे संचालित इलेक्टानिक गोदाम में शार्टसर्किट होने से आग लग गई थी। वहां रखे इलेक्टानिक सामान जल गए हैं। संचालक नुकसान की जानकारी नहीं दे पाए हैं। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई। अपार्टमेंट के नीचे संचालित गोदाम की जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

- **एसआर साहू** सिविल लाइन टीआई

## खबर संक्षेप

### मुख्य सड़क पर छोड़ दिया मलबा, लोग हलाकान



**बिलासपुर।** नगर निगम ने सड़क और नाली बनाने में लोगों की सहुलियत व नियमों को ही अनदेखा कर रहे है। आम लोगों के द्वारा सड़क पर निर्माण सामाग्री रखने पर निगम के अधिकारी नोटिस जारी कर वसूली करते है, लेकिन पिछले 15 दिनों से मसानगंज के मुख्य सड़क पर मलबा रखा गया है जिसपर निगम के अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है। दरअसल यह मलबा सड़क पर नाली निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा रखा गया है, काम खत्म होने के बाद ठेकेदार के कर्मचारी भाग खड़े हुए है और मलबा जस का तस रह गया है। खास बात यह है सरजू बगीचा जाने वाले मार्ग के एंट्री पर ही पाइप लाइन फूटी हुई है इसे दो बार बनाया गया है लेकिन हर बार वाहनों की आवाजाही के बाद पाइप लाइन से पानी की धार बह रही है। इसे दुरूस्त कराने में जनप्रतिनिधि और अधिकारी पस्त हो चुके है। निगम के अधिकारियों की अनदेखी से सड़क पर चलने वाले लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### गर्मी में इजाफा, पारा सामान्य से 5 डिग्री बढ़ा

**बिलासपुर।** होली करीब है और गर्मी अपना पारा बढ़ाने लगा है। रविवार अधिकतम और न्यूनतम तापमान में जबरदस्त बढ़ोत्तरी देखी गई है। इस दौरान अधिकतक तापमान 2.3 डिग्री बढ़ते हुए 35.4 डिग्री रहा वहीं न्यूनतम तापमान सीधे 4.7 डिग्री बढ़ गया और 21.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आसमान पूरी तरह से साफ है लेकिन पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के कारण आने वाले एक-दो दिन में बदली आ सकती है हालांकि इससे तापमान में अधिक असर नहीं पड़ेगा।

### बृहस्पति बाजार से बनाया गया बाईपास बंद



**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार के ठीक बाजू से जवाली नाले के ऊपर पर बनाई गई बाईपास सड़क पिछले एक साल से बंद है। इस मार्ग में काफी पहले पुल का शुरूआती कुछ हिस्सा डेमेज हो गया था, जो कि आज दिनांक तक नहीं बनाया जा सका है। चूंकि मार्ग के शुरूआती स्थान पर किसी तरह का कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे वाहन चालक इस सड़क पर आवागमन करने के इरादे से आगे बढ़ते हैं, लेकिन आगे जाकर सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

### उपभोक्ताओं ने पटाया 5 लाख का बिजली बिल

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा लगातार दूसरे दिन भी ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। इस दौरान संयुक्त जांच ने 354 लोगों के कनेक्शनो की जाँच की। जिनमें 38 लोगों को मीटर बायपास और सीधे लाइन से बिजली चोरी करते पकड़ा गया। विभाग ने 5 लाख की पेनाल्टी कर राशि की वसूली की है। कार्यपालक निदेशक एके अम्बष्ट ने विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं। विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों जोन में छापामार कारवाई कर रहे हैं। ग्रामीण सर्किल के एसई सुरेश जांगड़े के नेतृत्व में ईई एनपी सिंह ने कोटा उपसंभाग तथा ईई अनुपम सरकार ने खमतराई में कई क्षेत्रों में बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई की है।

# आरआई को सस्पेंड कर जांच बंद कर दी नगर निगम ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टैक्स वसूली को लेकर तिफरा जोन-2 में 15 लाख 62 हजार 654 रुपए की वित्तीय गड़बड़ी उजागर होने के बाद आरआई को सस्पेंड तो कर दिया गया लेकिन उसके बाद जांच लगभग बंद करते हुए बड़े अधिकारियों को बचाया जा रहा है। इस मामले में निगम ने जब प्रारंभिक जांच की तो पता चला कि जोन-02 में वसूली की जिम्मेदारी एआरआई रामनारायण देवांगन की है लेकिन, उन्होंने वसूली का काम प्लेसमेंट कर्मचारी आशीष कौशिक को दे दिया। इधर मामले में जांच शुरू होते ही आशीष पुलिस की नजरों में फरार हो गया है। इस अनियमितता को निगम की बड़ी चूक माना जा रहा है। जांच और ऑडिट में रसीद बुक, कैशबुक, बैंक प्रविष्टियों और संग्रहण पंजी के मिलान में कई गंभीर विसंगतियां मिलीं। कई मामलों में वसूली दर्ज है, लेकिन राशि बैंक में जमा नहीं कर सीधे गबन कर लिया गया है।

दरअसल, निगम की ऑडिट टीम ने तिफरा जोन-2 में जांच की, तब पता चला कि 15 लाख 62 हजार 654 रुपए का कोई हिसाब नहीं है। इस मामले की जांच के बाद ऑडिट टीम ने रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें स्पष्ट है कि साल 2022-23 से 2024-25 के बीच वसूला गया टैक्स पूरी तरह निगम के खाते में जमा नहीं हुआ। मामला खुलते ही अब निगम ने सभी आठों जोन में वसूली पर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में साफ है कि यह वसूली 2022-23 से 2024-25 के बीच की गई।

### टैक्स वसूली में गड़बड़ी

#### तीन और राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी

इधर जिस राजस्व निरीक्षक रामनारायण देवांगन पर आरोप लगे हैं। उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई के निर्देश नगर निगम की ओर से दे दिया गया है। दूसरी ओर रामनारायण देवांगन ने निगम कमिश्नर के साथ ही कलेक्टर को एक पत्र सौंपते हुए कहा है कि वह पिछले कुछ सालों से लकवाग्रस्त है और कलम भी नहीं पकड़ सकता है। राजस्व वसूली उसने नहीं की है। निगम ने तीन और राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही इन सभी का तबादला अलग-अलग जोन में कर दिया गया है।

#### कहीं डिमांड घटाई गई, कहीं बढ़ाकर की गड़बड़ी

तिफरा में गड़बड़ी सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने सभी आठ जोन की वसूली की जांच के आदेश दे दिए हैं। रिकॉर्ड में पहले भी छेड़छाड़ मिल चुकी है। स्पायरो के समय कहीं डिमांड घटाई गई, कहीं बढ़ाई गई और लाखों रुपए निगम तक नहीं पहुंचे थे। अब जब निगम के कर्मचारी ही वही खेल करते पकड़े जा रहे हैं, तो प्रशासन को जांच के बाद बड़ी अनियमितता उजागर होने की आशंका है।




अधिकारियों का कहना है तिफरा तो शुरुआत है, बाकी जोन में भी भारी गड़बड़ी की संभावना है।

#### रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

टैक्स वसूली में गड़बड़ी सामने आने के बाद जांच के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही निगम के सभी जोन में ऑडिट कराई जा रही है। इसमें जांच के अलग-अलग बिंदू तय किए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में कार्रवाई होगी।

- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

# तालाब में उतरे दो युवकों की डूबकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोस्तों के साथ घूमने गए दो युवक तालाब में नहाने के लिए उतर गए और गहराई में जाकर डूब गए। एसडीआरएफ की टीम ने तालाब में उतरकर दोनों युवकों का शव तालाब से बाहर निकाला। दोनों युवकों का शव को मरच्यूरी में रखवा दिया गया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, हिमांशु चहाण्डे पिता हरिश चहाण्डे 21 साल सरकण्डा बंधवापारा, शिवम मानिकपुरी पिता श्रवण दास मानिकपुरी 20 साल देवरीखुर्द तोरवा निवासी अन्य पांच दोस्तों के साथ रविवार की शाम 5.30 बजे बहतराई व खमतराई के बीच आमहा तालाब घूमने गए थे। घूमने फिरने के बाद हिमांशु चहाण्डे, शिवम मानिकपुरी नहाने के लिए तालाब में उतरे। नहाते समय गहराई में जाकर डूबने लगे। शोर मचाने पर दोस्तों ने आसपास के ग्रामीणों से सहयोग मांगा और पुलिस व दोनों के परिजन को सूचना दी। पुलिस 8 सदस्यीय एसडीआरएफ टीम के साथ तालाब पहुंच गई। बड़ी संख्या में परिजन मौके पर पहुंच गए थे। एसडीआरएफ की टीम ने तालाब में उतरकर दोनों युवकों के तलाश में जुट गई और दोनों युवकों का शव तालाब से बाहर निकाले। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को मरच्यूरी में रखवा दिया है।



मामले की जानकारी लेती पुलिस।

सोशल मीडिया पर अश्लील पोस्ट करने का आरोप

# रास्ते के विवाद में बिल्डर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर के सरकंडा क्षेत्र में ईडब्लूएस आवास के रास्ते को लेकर चल रहे विवाद में सरकंडा पुलिस ने बिल्डर गौरव तिवारी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उन्होंने एक महिला से गाली-गलौज की, हाथ पकड़कर धक्का दिया और जान से मारने की धमकी देने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल करते हुए वीडियो पोस्ट किया।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता महिला ने थाना सरकंडा में लिखित आवेदन देकर बताया कि कॉलोनी में ईडब्लूएस भवन के आवागमन मार्ग को लेकर बिल्डर गौरव तिवारी, नगर निगम और रहवासियों के बीच विवाद चल रहा है। इस संबंध में निगम आयुक्त से भी शिकायत की गई थी। कहा गया है कि 24 फरवरी को दोपहर करीब 12:30 बजे गौरव तिवारी नगर निगम के कुछ कर्मचारियों के साथ कॉलोनी पहुंचे। गार्ड से दुर्व्यवहार करते हुए वे जबरन कॉलोनी में घुस गए और ईडब्लूएस भवन की ओर बढ़ने लगे। सूचना मिलने पर शिकायतकर्ता अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुंचीं। इस दौरान निगम आयुक्त के आदेश दिखाने की मांग को लेकर कहासुनी हुई।

महिला का आरोप है कि उसी रात 8 बजे कॉलोनी स्थित मंदिर में आरती से पहले गौरव तिवारी पहुंचे और उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि गौरव तिवारी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर घटना से जुड़ा वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अपमानजनक और अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। सरकंडा थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर गाली-गलौज, धमकी, मारपीट और आईटी एक्ट से संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। रविवार को आरोपी बिल्डर को गिरफ्तार कर लिया गया।

### चीतल का शिकार आरोपी की तलाश

**बिलासपुर।** भनवारटंक के जंगल में शिकारियों ने एक चीतल का शिकार किया। सूचना मिलने पर मौके में पहुंचने के बाद चीतल का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसकी मौत के कारण का खुलासा तीर लगने के कारण हुआ। बिलासपुर वन मंडल के बेलगहना रेंज के भनवारटंक बीट में एक चीतल पर तीर से वार कर घायल कर दिया गया। पोस्टमार्टम के दौरान शरीर में तीर धंसने के कारण उसकी मौत हुई। विभागीय स्टाफ ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी तरह का सुराग नहीं मिला।

कोटा रेंज के एसडीओ अनिल भास्करन का कहना है कि अभी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं आई है, रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शहर विधायक ने कहा- आने वाले समय में काफी बदल जाएगा शहर का स्वरूप

# समग्र विकास की मीटिंग में शहर के लिए जो मांगा, बजट में सब मिला : अमर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर विधायक अमर अग्रवाल का कहना है कि कुछ समय पहले बिलासपुर के समग्र विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बीच राजधानी में आयोजित बैठक में शहर विकास के लिए रखी गई ज्यादातर मांगें बजट में स्वीकार कर ली गईं हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में ओवरब्रिज, अंडरपास, अरपा के जीर्णोद्धार एवं सड़कों के निर्माण के बाद शहर का स्वरूप काफी बदला नजर आएगा।

भाजपा कार्यालय में रविवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए शहर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने सारे अधूरे कार्यों को पूरा करने का वादा किया था, जो साइंस कॉलेज आडिटोरियम, शिवघाट व पचरीघाट बराज सहित अनेक कार्यों के रूप में लगभग पूरे हो चुके हैं। कोनी के मल्टी सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल को भी पीपीपी मोड में प्रारंभ करने की तैयारी है। इसी तरह कैंसर इंस्टीट्यूट का न केवल सेटअप स्वीकृत कराया जा चुका है, बल्कि आगामी छह माह में इसे प्रारंभ भी कराने की तैयारी है।

श्री अग्रवाल ने हाल ही में प्रदेश के लिए घोषित बजट को वर्ष 2047 के लिए लक्षित सशक्त एवं मजबूत आधार बताया है। बजट के मद्देनजर शहर के परिप्रेक्ष्य में बात करते हुए उन्होंने कहा कि शहर को इस बजट से काफी कुछ मिला है। इसके अंतर्गत राजीव गांधी चौक से महामाया चौक, राजीव गांधी चौक से जगमल ब्लॉक एवं तारबाहर से सिरगिट्टी के लिए तीन ओवरब्रिज मिले हैं। इसी तरह यातायात में किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए कुदुदंड से छत्तीसगढ़ भवन, व्यापार विहार से सिरगिट्टी एवं महाराणा प्रताप चौक से गौरव पथ रोड में तीन अंडरपास का निर्माण भी प्रस्तावित होने की बात कही।

उन्होंने कहा कि शहर के भीतर किसी भी स्थिति में भारी वाहनों की आवाजाही से यातायात व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए सेंदरी से बिरकोना, बहतराई, चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज व सिलपहली से बोदरी के लिए कुल 32 किलोमीटर लंबाई में एक नेशनल हाईवे सड़क की स्वीकृति मिली है। इसके लिए सांसद की पहल पर केंद्रीय मंत्री द्वारा डीपीआर की स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री अग्रवाल ने देश की जानी-मानी कंपनी से अरपा के जीर्णोद्धार की दिशा में भी अतिशीघ्र काम करने की बात कही। उन्होंने आने वाले समय में बिलासपुर का स्वरूप कुछ अलग ही नजर आने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब की आगामी योजनाओं एवं लक्ष्यों पर की गई चर्चा




**बिलासपुर।** लायंस क्लब गोल्ड द्वारा डिस्ट्रीक्ट गवर्नर, रिजन चेयरपर्शन एवं जोन चेयरपर्शन की आआधिकारिक यात्रा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस अवसर पर क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इसके पश्चात क्लब द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों एवं सेवा कार्यों का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सदस्यों को समाज सेवा के प्रति निरंतर समर्पित रहने प्रेरित किया। उन्होंने आगामी योजनाओं एवं लक्ष्यों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन किया गया एवं सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन प्रियंका जैन, सचिव लायन चुन्नी मौर्या, कोषाध्यक्ष लायन बिन्नी गम्भीर, लायन शुभा जी, लायन चंदा बंसल, लायन फ़रहीन चिश्ती, लायन नीरज अग्रवाल, लायन जगदीश सलूजा, लायन रीता बरसैया, लायन संगीता. लायन लता गुप्ता, लायन बलजीत, लायन शशि, लायन हरजीत की उपस्थिति रही।

### सहायक मत्स्य अधिकारी वर्मा सेवानिवृत्त, साथियों ने दी विदाई



**बिलासपुर।** कार्यालय उप संचालक मछली पालन विभाग में पदस्थ सहायक मत्स्य अधिकारी बिलासपुर राजेश वर्मा अपनी अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत हो गए। श्री वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर उनके साथी कर्मचारियों ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उनकी लंबी और स्वास्थ्य जीवन की कामना सभी ने की। विदाई समारोह में सतीश मेनन, अलका स्वर्णकार, संगीता सारवा, डीडी रात्रे, अरविंद सिरोटिया, सभी मत्स्य अधिकारी एवं मत्स्य निरीक्षक प्रमीला भगत आदि ने श्री वर्मा के साथ बिताए गए समय व कार्यकाल की जमकर सराहना की। श्री वर्मा ने अपने कार्य अवधि में साथ कर्मचारियों एवं उच्च अधिकारियों से मिले सहयोग व मार्गदर्शन के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान श्री वर्मा के परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।

### गीतांजलि नगर में भागवत कथा पर निकाली गई कलश यात्रा



**बिलासपुर।** गीतांजलि नगर फेस-1 उसलापुर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इसके पहले दिन शनिवार को बाजे-गाजे के साथ एक भव्य कलश यात्रा निकाल कर वेदी पूजा की गई। कथा वाचक पं. डॉ नवीन पाठक पुछेली मुंगेली ने रविवार को भागवत महात्म्य, परीक्षित चरित्र का वर्णन किया। सोमवार 2 मार्च को सृष्टि वर्णन, कर्दम देवहुति व सती चरित्र, मंगलवार 3 मार्च को जड़भरत चरित्र, अजामिल व प्रहलाद चरित्र, बुधवार 4 मार्च को गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, श्रीराम, श्री कृष्ण प्रकटोत्सव, गुरुवार 5 मार्च को श्रीकृष्ण बाल लीला, माखन चोरी व गोवर्धन लीला शुक्रवार 6 मार्च को महारास प्रसंग, कंस वध, श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा पर प्रकाश डाला जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रभु इच्छा तक चल रही है। कथा कार्यक्रम को सफल बनाने मंजू बाला जायसवाल सहित पूरा जायसवाल परिवार सक्रिय हैं।

### नि:शुल्क बीपी एवं शुगर जांच शिविर में लोगों ने उठाया लाभ



**बिलासपुर।** पीएम जनऔषधि सप्ताह के अंतर्गत विवेकानंद उद्यान में निः शुल्क बीपी एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय रेडक्रास सोसायटी के द्वारा कुल 75 लोगों ने जाँच कराकर शिविर का लाभ लिया। रेडक्रास के द्वारा सिम्स एवं जिला चिकित्सालय में कुल 22 जन औषधि केन्द्र का संचालन किया जाता है, जिसमें से सिम्स जन औषधि को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जन औषधि का पुरूस्कार प्राप्त हो चुका है। शिविर के अतिथि डॉ एमएम जीवानी नोडल अधिकारी ने जन औषधि के गुणवत्ता पूर्ण दवाईयों के बारे में जानकारी देते हुए भारत सरकार के इस योजना को बहुत महत्वपूर्ण बताया। इसी कड़ी में सौरभ सक्सेना जिला समन्वयक ने जन औषधि की दवाओं की उपल्बधता उससे होने वाले फायदा एवं नियमितता ग्राहको को जानकारी देते हुए प्रशंसा की एवं भविष्य में इसके प्रचार प्रसार की बात कही। कार्यक्रम में अनिल तिवारी,डॉ आदित्य पाण्डेय, प्रभारी अधिकारी लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सुशील राजपुत, मनीष निश्रा, अंजू ठाकुर, अशीष गोविंद मिश्रा, मोहन वैष्णव रवि साहू,धरम साहू नागरिक उपस्थित रहे।

## कोटा मेन रोड पर बेजा-कब्जा, राजस्व अधिकारी मौन





**बिलासपुर।** बिलासपुर से कानन पेंडारी एवं कोटा मोड़ के आसपास मेन रोड पर सड़क के दोनो ओर अतिक्रमणकारियों ने बांस-बल्ली गाड़कर बेजा-कब्जा कर लिया है। हैरत की बात यह है कि इसी मार्ग में कुछ ही दूरी पर तहसील आफिस है, जहां शहर से रोज राजस्व अधिकारियों का आना-जाना होता है, लेकिन कभी किसी अधिकारी ने अतिक्रमणकारियों को रोकने का प्रयास नहीं किया। आज की स्थिति में अतिक्रमणकारियों ने मेन रोड से लगी जमीनों में बांस-बल्ली गाड़कर कब्जे की प्रारंभिक तैयारी ही की है, लेकिन प्रशासन की लगातार अनदेखी के बाद बांस-बल्ली की जगह टीन के शेड व खपरैल के कच्चे मकान वहां बनाए जाएंगे। इसके बाद अगली कड़ी में कच्चे मकानों को ईंट सीमेंट की मदद से पक्के निर्माण में बदलकर मालिकाना हक का दावा किया जाने लगेगा। राजस्च विभाग चाहे तो थोड़ी सी सक्रियता दिखाकर बांस-बल्ली की दीवारों को तत्काल हटवाया जा सकता है, नहीं तो यही अतिक्रमणकारी कल के लिए सिरदर्द साबित होंगे।

### आईजी ने ली पुलिस अफसरों की बैठक, दिए दिशानिर्देश

# हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर



फ्लैग मार्च में शामिल कलेक्टर, एसएसपी सहित अन्य अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली का त्यौहार शांतिपूर्वक और सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाने के लिए हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रखने आईजी ने सभी जिलों के एसपी को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए गाइड लाइन तय करने कहा है। इस संबंध में आईजी रामगोपाल गर्ग ने बिलासपुर रेंज के सभी जिलों में होली का त्यौहार शांतिपूर्वक और सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाने सभी जिलों के एसपी को थाना स्थर पर शांति समिति की बैठक लेकर कानून और व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं।

श्री गर्ग ने सभी पुलिस अधीक्षकों को हिदायत दी की होली के त्यौहार को सौहार्द और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाना। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और रंगों के इस पवित्र त्यौहार की गरिमा को, हुड़दंग करके खराब करने वाले असमाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए। होली के जलने की शाम से लेकर अगले दिन होली खेले जाने तक, सतत पेट्रोलिंग और होली खेले जाने के दिन जगह जगह पर पिकेट पॉइंट्स लगाकर चेकिंग के लिए निर्देश जारी किए हैं।

गुंडा बदमाशों की विशेष चेकिंग, अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई और नशीले पदार्थों का सेवन कर, त्यौहार में शान्ति भंग करने वाले तत्वों के लिए विशेष रूप से कार्रवाई के निर्देश श्री गर्ग ने रेंज के सभी जिलों को दिए। उन्होंने लोगो अपील की है, की उल्लास और उमंग के साथ होली मनाएं, लेकिन हुड़दंग करना, नशे का सेवन, ट्रिपल-फोर सवारी बाइक में घूमना, चीखते चिल्लाते हुए अपशब्दों का प्रयोग करने वाले असमाजिक तत्व बक्शे नहीं जाएंगे। होली मनाएं पर किसी अन्य के होली उत्सव में बाधा न डालें।

## होलिका दहन के एक दिन पहले निकाला गया फ्लैग मार्च

होलिका दहन के एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों के द्वारा शहर में फ्लैग मार्च कर हुडदंगियों को आगह किया गया है। आमजनता की सुरक्षा के लिए पुलिस बल चप्पे चप्पे पर तैनात है। हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने संदेश दिया गया है।

- होली की आड़ में हुड़दंग मचाने पर वालों पर सख्ती से कार्रवाई का दिया संदेश

2 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। उसके एक दिन पहले 1 मार्च को कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह व राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा काफिला के साथ पुलिस लाइन से अतिसंवेदनशील इलाका भारतीय नगर, मैग्नेटो मॉल, तारबाहर चौक से गांधी चौक होते हुए कोतवाली क्षेत्र व चांटीडीह, लिंगियाडीह, कोनी क्षेत्र में फ्लैग मार्च पुलिस लाइन लौट गई।

फ्लैग मार्च के माध्यम आमजनता की सुरक्षा में पुलिस बल चप्पे चप्पे तैनात है। शांति व सौहाद्रपूर्ण होलिका पर्व मनाने व होली की आड़ में हुड़दंग मचाने पर वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का संदेश दिया गया है।



रविवार को शहर का गश्त करते पुलिस के जवान।

### एजुकेशन प्लस

## चौकसे कॉलेज में मनाया गया विज्ञान दिवस



**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज में 27 और 28 फरवरी को दो दिवसीय का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान के साथ नवाचार, प्रौद्योगिकी के साथ रूपांतरण पर प्रकाश डाला गया। 27 फरवरी के कार्यक्रम में एयू के यूटीडी डॉ. एच एस होता मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ वैज्ञानिक डॉ. श्रीपाल सिंह भी मौजूद रहे।

श्री होता ने छात्रों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने, अनुसंधान गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि नई खोजों और तकनीकी उन्नति की दिशा में प्रेरणा का माध्यम है। 28 फरवरी के मुख्य समारोह में रजिस्ट्रार डॉ. तरुणधर दीवान मुख्य अथिति तथा डॉ. आर.के. एस. तिवारी विशेष अतिथि थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। चौकसे कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि विज्ञान और तकनीक की समझ आज की युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह ज्ञान-आधारित बदलाव समाज व देश के विकास में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा ने छात्रों को विज्ञान की भूमिका, अनुसंधान-आधारित सीख और वैज्ञानिक सोच को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कॉलेज के रजिस्ट्रार आशुतोष पांडे ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अनुसंधान, प्रस्तुति और प्रयोग-आधारित सीख को अपने जीवन में अपनाएं और देश के वैज्ञानिक भविष्य के लिए तैयार रहें। इस अवसर पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,स्लोगन , वाद विवाद, जैसे प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## इंडिगो और स्पाइसजेट से संघर्ष समिति ने किया संपर्क, फ्लाइट शुरू करने की मांग




**बिलासपुर।** नाइट लैंडिंग की सुविधा मिलने के बाद से लोगों की मांग प्राइवेट एयरलाइन्स कंपनी के फ्लाइट संचालन शुरू करने की है। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने नई उड़ानों के लिए इंडिगो व स्पाइसजेट एयरलाइंस के अधिकारियों से संपर्क साधा है और उन्हें बिलासा एयरपोर्ट से नई उड़ान शुरू करने की मांग की है। खास बात यह है कि इंडिगो एयरलाइंस के 40 से अधिक एटीआर 72 व स्पाइसजेट के 25 से अधिक बॉम्बार्डियर क्यू 400 विमान है, जिसे बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के 1500 मीटर लंबे रनवे पर संचालित किया जा सकता है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि अलाइंस एयर केंद्र सरकार के अधीन एयरलाइन्स कंपनी है। 20 एटीआर विमान है लेकिन आधे से अधिक मेंटनेंस में है। यानी उड़ान के लिए उपलब्ध नहीं है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार केवल इसी एयरलाइंस कंपनी के भरोसे बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में हवाई सुविधा दे रही है। अन्य राज्यों में फ्लाइट भेजने के लिए अलाइंस एयर बिलासपुर से उड़ान रद्द करती है। भोपाल और इंदौर की उड़ान के साथ यह हो चुका है। प्रयागराज की फ्लाइट 4 दिन से कम कर 2 दिन किया गया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एयरलाइंस कंपनियों को ओपन टेंडर के माध्यम से आमंत्रित करने की बात कही है। एयरलाइंस कंपनी बिलासपुर, अंबिकापुर, और जगदलपुर में बेहतर सुविधा प्रदान कर सके और साथ ही सब्सिडी मिलने के बाद अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट मिल सके। रविवार को संघर्ष समिति का धरना जारी रह, इस

### मुआवजा के लिए महिला लगा रही चक्कर

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोग बिना किसी औपचारिकता के कलेक्टर से मिले और अपनी शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए। इसमें एक महिला ने कलेक्टर को बताया कि 4 दशक पूर्व उसकी लगभग 20 डिसमिल जमीन घोंघा जलाशय के डूब क्षेत्र में समा गई। उक्त भूमि के मुआवजा के लिए वह अब तक अफसरों का चक्कर काट रही है। इसके बाद भी उसे उसकी जमीन का मुआवजा नहीं मिल पाया है। मजबूर होकर उसे कलेक्टर के जनदर्शन में खड़ा होना पड़ रहा है। जनदर्शन में आज तखतपुर विकासखंड के ग्राम चनाडोंगरी की महिला गंगोत्री बाई ने आवेदन देकर बताया कि उनकी लगभग 20 डिसमिल भूमि चार दशक पूर्व घोंघा जलाशय के डूब क्षेत्र में समा गई, किंतु आज तक मुआवजा नहीं मिला।

## डीएलएस के वार्षिकोत्सव पर दी रंगारंग प्रस्तुति



**बिलासपुर।** डीएल एस महाविद्यालय में रंगारंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एयू के कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम, डीएलएस कालेज के संरक्षक चेयरमैन निशा बसन्त शर्मा, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डेय ने की। विशिष्ट अतिथि उमेश जाधव रहे। मुख्य अतिथि डॉ. गौतम ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, समय का सदुपयोग करने तथा शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। संरक्षक चेयरमैन निशा बसन्त शर्मा ने आयोजन समिति, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डेय ने बताया कि संस्थान निरंतर गुणवत्ता सुधार, डिजिटल शिक्षण संसाधनों एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की दिशा में अग्रसर है। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत लोकनृत्यों ने भारतीय संस्कृति की विविधता को दर्शाया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुलजार टण्डन व रोशनी वैष्णव ने किया। इस अवसर पर पार्थ शर्मा, विनायक शर्मा, डॉ क्षमा त्रिपाठी, अशोक जोशी, डॉ. सुनीता द्विवेदी, संजय दुबे, मिठू अधिकारी, शेख आफ़रीदी, हिमानी तिवारी, डॉ विजय, वैष्णब, डॉ संजय दुबे, ,पी एस ढल्ला, राजेश सिंह, डॉ प्रीती मिश्रा, नाजनीन खान, डॉ अर्चना पाण्डेय, डॉ अर्चना तिवारी, डॉ सुष्मिता मिश्रा, रसिका लोणकर, मुकेश देवांगन, फेमिना चन्द्रा, शुभम पाण्डेय, चैतन्या जाधव, प्रगति सुमन, आकांक्षा शर्मा, वर्षा श्रीवास, डॉ सुमित दुबे, मिनी गुप्ता, स्वाति श्रीवास, महिमा जाधव, श्रद्धा कश्यप, आकाश कुमार, स्वाति श्रीवास, सुशील यादव, सुशील पटेल, मोतीलाल पटेल, श्वेता जायसवाल, अभिषेक सिंह, तूलिका दुबे, विद्येन्दु शुक्ला, अनुव्रत शर्मा, सुरेन्द्र पटेल, राकेश शर्मा, नीतीश शर्मा, महेश जांगड़े, हितेश जायसवाल, आशुतोष साहू, श्यामू सिंह, ऋषभ चौबे, अतुल कश्यप, निधि गुप्ता, किशन साहू, मोनिका सिरसो, मुस्कान सक्सेना, तान्या शर्मा, दिया, आरू, सौम्या, आस्था चतुर्वेदी, यदुवीर साहू आदि छात्र उपस्थित रहे।

### कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस - सिमेकॉन 2026

## 'हेल्दी माइन्स' के लिए उन्नत चिकित्सा तकनीकों का उपयोग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस – सिमेकॉन 2026 का शुभारंभ एवं मुख्य सत्र 1 मार्च को एसईसीएल बिलासपुर की मेजबानी में संपन्न हुआ।

सम्मेलन का उद्घाटन कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी तथा एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने किया। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन तथा निदेशक (तकनीकी - योजना एवं परियोजना) रमेश चंद्र महापात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कांफ्रेंस स्मारिका का भी अनावरण किया। साथ ही सीएमएस डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा एवं डॉ. अरिहंत जैन सहित अन्य चिकित्सक अधिकारी मौजूद थे। सिमेकॉन 2026 में कोल इंडिया एवं उसकी विभिन्न सहायक कंपनियों से आए 250 से अधिक चिकित्सकों की सहभागिता की जा रही है। इसके अतिरिक्त देश के प्रतिष्ठित अस्पतालों एवं चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टर भी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान खनन क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के व्यावसायिक स्वास्थ्य, रोगों की समयबद्ध पहचान, उन्नत चिकित्सा तकनीकों के उपयोग, आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन तथा डिजिटल स्वास्थ्य निगरानी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें नवीन उपचार पद्धतियों एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रभावी मॉडलों पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए गए। वक्ताओं ने "हेल्दी माइन्स" की अवधारणा को साकार करने सुदृढ़, आधुनिक एवं संवेदनशील चिकित्सा तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया। सिमेकॉन 2026 ज्ञान-विनिमय, समन्वय एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने का प्रभावी मंच सिद्ध हुआ। एसईसीएल द्वारा सम्मेलन की सुव्यवस्थित एवं सफल मेजबानी संगठन की प्रशासनिक दक्षता एवं प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 2 मार्च 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



शिविर

## सराहना, मीठे बोल से बदल सकता है संसार : स्वाति



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में रविवार को 'विश्व कंप्लीमेंट दिवस' के उपलक्ष्य में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि सराहना और मीठे बोल से संसार बदल सकता है। दीदीजी ने कहा कि एक छोटा सा प्रशंसा का शब्द किसी के मुरझाए हुए चेहरे पर मुस्कान ला सकता है और उसके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। कॉम्प्लीमेंट केवल तारीफ नहीं, बल्कि आत्मा से आत्मा को जोड़ने वाला एक सकारात्मक संकल्प है। आज के समय में इंसान को सबसे अधिक सराहना, अपनापन जताने और अच्छे शब्दों की आवश्यकता है। वर्ल्ड कॉम्प्लीमेंट डे हमें यह याद दिलाता है कि जब हम दूसरों की अच्छाई को देखते हैं और उसे शब्दों में व्यक्त करते हैं, तो न केवल सामने वाला व्यक्ति प्रोत्साहित होता है, बल्कि स्वयं हमारा मन भी सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है।

धर्म-क्षेत्र

## 19 को शिरडी वाले साईं बाबा की मूल चरण पादुकाएं शिरडी से आएंगी




**बिलासपुर।** शिरडी वाले साईबाबा की मूल चरण पादुकाएं शिरडी संस्थान के पदाधिकारियों के साथ पहली बार भक्तों के दर्शनार्थ आने वाली है। पादुकाओं की शोभायात्रा 19 मार्च को सुबह 9 बजे अल्का एवेन्यू कालोनी उस्लापुर रेलवे स्टेशन के पास कालोनी परिसर में निकाली जाएगी। श्री साईं बाबा की चरण पादुका प्रातः 10 बजे से भक्तों के दर्शनार्थ रखी जाएगी मध्धान आरती दोपहर 12 बजे एवं धूप आरती संध्या 6:30 होगी। साईं बाबा की पादुका भक्तों के दर्शनार्थ साईलीला विला अलका एवेन्यू के मैदान में सामने रखीं जाएगी, लगातार साईं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। उपरोक्त निर्णय शिरडी संस्थान के प्रमुख के आश्वासन के पश्चात श्री नीरज मेहता एडवोकेट के निवास पर एक बैठक में लिया गया । इस कार्य में बिलासपुर के सभी साईं भक्तों की उपस्थिति एवं सहयोग की प्रार्थना की गई है। बैठक में दिलीप दिवाकर पात्रीकर, नीरज मेहता, संतोष गुप्ते,हर्ष मिश्र,बबलू मदने, उमाकांत मिश्र,शिवा मिश्र सुदेश दुबे साथी शामिल रहे।

कार्यक्रम

## राहुल सांकृतायन साहित्य सम्मान से डॉ बृजेश सिंह हुए सम्मानित



**बिलासपुर।** वृन्दावन सभागृह रायपुर में छत्तीसगढ़ हिन्दी साहित्य मंडल के 85 वे वार्षिक अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पर्यावरण विमर्श व राष्ट्रीय भावधारा के साहित्यकार महाकवि डॉ बृजेश सिंह को राहुल सांकृतायन साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेश्री रामसुन्दर दास, डॉ राजाराम त्रिपाठी, आचार्य अमरनाथ त्यागी, डॉ इन्दिरा मिश्र सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार उपस्थित थे। डॉ बृजेश सिंह ने छह दर्जन से अधिक ग्रंथों का प्रणयन किया है, तथा साहित्य पर केन्द्रित दो दर्जन से अधिक पीएचडी तथा शोधपरक ग्रंथ सामने आ चुके हैं। डॉ बृजेश सिंह पर्यावरण विमर्श तथा राष्ट्ररस के प्रवर्तक के रूप में प्रख्यात हैं। डॉ बृजेश सिंह शताधिक साहित्यिक सामाजिक सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। महाकवि डॉ बृजेश सिंह का आहुति महाकाव्य तथा वेदमूर्ति महाकाव्य साहित्य जगत में अत्यन्त प्रतिष्ठित है।

कार्यकारिणी

## पंजाबी महिला संस्था गठित रंजित कौर बनीं अध्यक्ष





**बिलासपुर।** शशि आहूजा ने गत दिनों बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, अंबिकापुर, रायगढ़, जगदलपुर, कोरबा, अभनपुर, कवर्धा, पामगढ़, चांपा, लोरमी, बेमेतरा, भिलाई के सदस्यों की वर्चुअल मीटिंग ली। इसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रांतीय सर्व पंजाबी महिला संस्था गठन के उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया एवं शीघ्र ही सबके सहयोग से इसका विस्तार करने की जानकारी दी। बैठक में श्रीमती आहूजा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की प्रांतीय टीम भी बनाई जाएगी।सभी ने अपने-अपने विचार भी रखे। शशि आहूजा ने प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए रंजीत कौर दुआ का नाम प्रस्तावित किया। इसका उषा अरोरा ने अनुमोदन किया। जगदीश सलूजा ने समर्थन किया। साथ ही अन्य सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए अपनी सहमति दी। संस्था की इस प्रथम मीटिंग में अध्यक्ष रंजीत कौर दुआ, पम्मी गुम्बर, बलजीत कौर अजमानी, उषा अरोरा, तृप्ता कैम्बो, परमजीत कौर छाबड़ा, ममता वासन, जीत उपवेजा, रश्मि छाबड़ा, सतिंदर चथरथ, मनदीप कौर खनूजा, मीनू उबेजा, छाया कटारिया, पिंकी खनूजा, गुरजीत कौर गांधी, दीप सलूजा, चांदनी सलूजा, भावना खुल्लर, सोनिया नायर, कोमल अरोरा, शालू खुल्लर, किरण सलूजा, अमरजीत कथूर, निक्की सलूजा, रानी पिपलानी, अंजू सलूजा शामिल हुए।

**सूतक काल 3 को प्रातः 9:07 बजे से, मंदिरों का पट रहेंगे बंद**

वर्ष 2026 का प्रथम चंद्र ग्रहण 3 मार्च मंगलवार को फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के दिन लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत के कई हिस्सों में दिखाई देगा। इससे इसका धार्मिक और सूतक प्रभाव मान्य होगा। इससे पहले सोमवार 2 मार्च को मध्य रात्रि होलिका दहन किया जाएगा। रंगोत्सव 4 मार्च को मनाया जाएगा।

# आज मध्य रात्रि होगा होलिका दहन, खंडग्रास चंद्रग्रहण कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पीतांबरा पीठाधीश्वर स्वामी दिनेश महाराज ने बताया कि ज्योतिष गणना के अनुसार, इस ग्रहण की समयावधि और सूतक काल 3 मार्च को प्रातः 9:07 बजे से आरंभ होगा। ग्रहण का समय 3 मार्च को सायं 6:07 बजे से है। ग्रहण का मोक्ष सायं 6:45 बजे होगा। चंद्रग्रहण का सूतक ग्रहण प्रारंभ होने से 9 घंटे पूर्व लग जाता है। अतः प्रातः 9 बजकर 7 मिनट से ही मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे और मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। ग्रहण मोक्ष के बाद स्नान दान कर घरों की शुद्धिकरण अवश्य करें।

### सूतक काल में वर्जित कार्य

शास्त्रों के अनुसार सूतक काल को एक अशुद्ध समय माना जाता है। इस दौरान नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है, इसलिए दौरान सूतक काल और ग्रहण के दौरान भोजन करना वर्जित है। बीमार, वृद्ध और बच्चों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों को इस नियम का पालन करना चाहिए। सोने से भी बचना चाहिए। मूर्ति स्पर्श और पूजा न करें। गर्भवती महिलाओं को सुई, चाकू, कैंची जैसी धारदार वस्तुओं का उपयोग नहीं करना चाहिए। सूतक काल में तुलसी के पौधे को स्पर्श करना या उसके पत्ते तोड़ना वर्जित है।



**पहले ही मना लें होली**

इस वर्ष होली और ग्रहण एक ही दिन है इसलिए सूतक लगने से पूर्व ही रंगों की होली संपन्न कर लेनी चाहिए। सूतक काल के दौरान रंग खेलना या शोर-शराबा करना आध्यात्मिक दृष्टि से उचित नहीं माना जाता है।

### मंदिरों के पट रहेंगे बंद

सदर बाजार स्थित श्री वेंकटेश मंदिर में सोमवार 2 मार्च को रात्रि 1:25 से 2:37 के मध्य होलिका दहन किया जाएगा। भद्रा संध्या 5:57 से लेकर रात्रि 1:25 से 2:37 के मध्य रहेगा। मंगलवार 3 मार्च को चंद्रग्रहण रहेगा। इसके चलते भगवान का पट प्रातः 9:07 बजे से सायं 6:47 तक बंद रहेगा। इसके बाद भगवान का अभिषेक, आरती, पूजा होगी। ग्रहण काल में भजन कीर्तन किया जाएगा। शाम को भगवान की पूजा-अर्चना उपरांत होली मिलन एवं फाग गायन होगा । बुधवार 4 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह शहर के अन्य सभी मंदिरों के पट बंद रहेगा।

## श्रद्धा महिला मंडल ने महिला संविदा कर्मियों के साथ मनाया होली उत्सव




श्रद्धा महिला मंडल द्वारा वसंत विहार रवीन्द्र भवन में एसईसीएल की महिला संविदा कर्मियों के साथ होली मिलन एवं महिला दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन एवं उपाध्यक्षा गणों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेहरू शताब्दी कॉलोनी, वसंत विहार कॉलोनी एवं इंद्रा विहार कॉलोनी में कार्यरत लगभग 102 महिला संविदा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी संविदा बहनों का रोली टीका लगाकर स्वागत करने से हुई। इसके पश्चात सभी को होली और महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं। अध्यक्षा शशि दुहन भाभी ने इन कर्मठ बहनों की समर्पण एवं परिश्रम की सराहना की और उन्हें असली नारी शक्ति कहा। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर होली गीतों पर नृत्य किया और खुशियाँ साझा कीं। अध्यक्षा एवं उपाध्यक्षों ने भी संविदा बहनों के साथ नृत्य कर उनका उत्साह बढ़ाया। होली एवं महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी संविदा कर्मियों को उपहार स्वरूप स्टील का मटका, स्टील का कंटेनर मिठाई एवं गुलाल भेंट किया गया। उपहार वितरण के पश्चात सभी संविदा कर्मियों के लिए होली के विशेष व्यंजनों के साथ स्नेहपूर्ण दोपहर भोज का आयोजन किया गया। सभी ने साथ बैठकर भोजन किया और आपसी प्रेम एवं अपनत्व का आनंद लिया। कार्यक्रम में श्रद्धा महिला मंडल की सदस्याएँ उपस्थित रहीं एवं सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## टेंट एसोसिएशन के होली मिलन में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



छत्तीसगढ़ टेंट ओनर एसोसिएशन के द्वारा होली मिलन का समारोह रखा गया था। जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ ने कहा कि प्राकृतिक रंगों का प्रयोग रसायनों वाले रंगों के बजाय हर्बल या फूलों से बने रंगों का उपयोग करें ताकि त्वचा और आंखों को नुकसान न पहुंचे। इन्होंने कहा कि पानी की बचत 'सूखी होली' खेलकर हम जल संरक्षण का एक बड़ा संदेश दे सकते हैं। पशु-पक्षियों का ध्यान जानवरों पर रंग न डालें, क्योंकि इससे उन्हें गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

इस मौके पर महासचिव गुरदीप सिंह आजमानी, रविन्दर सिंह छाबड़ा एंव सचिव कमल जैन उपस्थित सदस्य सरबजीत सिंह राणा संरक्षक नरेंद्र सिंह सलूजा, राजेश मुदलियार, संतोष राणा, संजय केशरवानी, नंदू यादव, संजय रावलानी, ओमप्रकाश तिवारी, इंद्रजीत सिंह, गुरदीप सिंह आजमानी, दर्शन छाबड़ा, विक्की रावलानी, सागर हुमने ,सुभाष सवन्नी, दिनेश मुदलियार, प्रमोद कुमार बिसेन, कुणाल कुमार , शोमी कश्यप , सौरभ बंसल , साई टेंट , ज्योति टेंट , मां दुर्गा टेंट हाउस, अमनदीप सिंह , उदय सिंह राणा, मिश्रा टेंट हाउस ,विशाल टेंट हाउस, महामाया टेंट हाउस, श्री साइ टेंट हाउस , करन टेंट हाउस विवेक कश्यप, सोहन यादव, आदित्य जायसवाल अन्य व्यापारी बंधु उपस्थित थे।

## खेली फूलों की होली, जमकर उड़ाए गुलाल

संस्कृति संगम सेवा समिति ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें 60 से अधिक महिलाएं शामिल होकर फूलों व गुलाल की होली खेली और जमकर गुलाल उलेड़े। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित व लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कृष्ण कन्हैया के वेश में आए कलाकार का स्वागत महिलाओं ने नाच गाकर किया और उनके साथ फूलों और गुलाल की होली खेली गई। महिलाओं के लिए होली थीम पर विभिन्न तरह के गेम्स रखे गए। सभी ने विविध तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। गेम्स की विजेताओं में ईला नेताम, नेहा चंद्रा, रमा सोनी, केसर मनचंदा, अल्का शिवहरे, वंदना बाजपेई, निरूपमा बाजपेई, पिंकी कश्यप, किरण भिमगे, ज्योति सिंह, निमिषा बाटव, श्रध्दा सोनी शामिल रहीं।



## राधा कृष्ण के साथ वृंदावन जैसी फूलों की होली

रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्वींस ने एक फ़ंडराइज़र इवेंट "ब्रजरास रंगोत्सव "का आयोजन किया,जिसमें राधा कृष्ण के साथ वृंदावन के जैसी फूलों की होली खेली गई। इस कार्यक्रम में टिकट से प्राप्त फण्ड के द्वारा कैंसर सरवाइवर की सहायता के लिए संचालित संस्था स्पन्दन सोसाइटी को सहायता देनी थी, क्लब के द्वारा इस संस्था को इनक्यावन हजार का चेक दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीना साव तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में महापौर पूजा विधानी, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय उपस्थित रही। कार्यक्रम ब्रज की होली की थीम पर आधारित था,जिसमे कलाकारों ने राधा कृष्ण के रूप में रासलीला की प्रस्तुति दी।



# रामलला दर्शन यात्रा के लिए उमड़ पड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रामनवमी पर अयोध्या धाम की निशुल्क यात्रा के लिए रविवार को सिविल लाइन स्थित पुलिस मैदान में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रात तीन बजे से ही रामभक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। सुबह काउंटर खुलते ही जय श्री राम के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा और महज कुछ ही घंटो में 1008 पंजीयन पूरे हो गए। सबसे पहली बुकिंग हनुमान जी के नाम दर्ज की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक जी एवं विशेष रूप से जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल उपस्थित थे। बिलासपुर में रामनवमी के अवसर पर आयोजित अयोध्या धाम यात्रा को लेकर रविवार का माहौल देखने लायक रहा। शनिवार रात से ही श्रद्धालु पुलिस मैदान पहुंचने लगे थे। रात तीन बजे से ही दर्शनार्थी समिति के बनाएं हुए व्यवस्था में कतारबद्ध तरीके से अपने बारी का इंतजार करने लगे थे,ताकि उसका पंजीयन सुनिश्चित हो सके। सूर्योदय होते ही भगवा सजे काउंटर पर जय श्री राम के नारों की गूंज शुरू हो गई। भीड़ को देखते हुए पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर साढ़े सात बजे से ही 1008 टोकन बांट दिए गए। काउंटर पर भारी भीड़ के बीच श्रद्धालुओं ने आसानी से पंजीयन कराया। महज कुछ घंटे के भीतर 1008 पंजीयन पूर्ण हो गए। सबसे पहले बुकिंग हनुमान जी के नाम से की गई।



बस की पहली सीट पर हनुमान जी विराजेंगे। इस साल अयोध्या यात्रा दर्शन समिति से पुलिस मैदान में 5000 से अधिक भक्तों ने दर्शन के लिए संपर्क किया है। समाजसेवी-रामभक्त एवं यात्रा संयोजक प्रवीण झा अपनी पूरी टीम के साथ व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

प्रमुख रूप से प्रदीप झा,राम प्रताप सिंह, अमरेंद्र कंठ, रौशन सिंह, ललित पुजारा, विनोद मित्तल, संदीप केडिया, निलेश जोबनपुत्रा, मुकेश अग्रवाल, दिव्यांश झा, रिंकू मित्रा, हरिशंकर कुशवाहा,चंद्र किशोर प्रसाद, राजीव अग्रवाल,अजित पंडित, उचित सूद, संजय द्विवेदी, राकेश राय, जयदीप घोष, राजीव गिरी, ईश्वर यादव, सन्नी गिरी, शौलेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, सागर साहू, शुभम राय, रवि साहू, मुकेश झा, प्रणव विश्वकर्मा, शशांक ठाकुर, हर्ष सिंह उपस्थित थे।



- तृतीय वर्ष यात्रा के लिए रिकार्ड 5000 से अधिक दर्शनार्थियों की इंक्वायरी
- पुलिस मैदान में बने 20 विशेष काउंटर में 1008 पंजीयन किया गया पूर्ण

### 25 एसी बस व 10 कार होंगे रवाना

रामनवमी 26 मार्च को है। एक दिन पहले 25 मार्च को सुबह 11 बजे पुलिस ग्राउंड से 1008 रामभक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना होगा। यात्रा के लिए 25 बसों और 10 कारों की व्यवस्था की गई है.सभी यात्रियों को निर्धारित वाहनों से ही प्रस्थान करना होगा।

# कैलाश चैम्पियंस ने जीता कैट प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के कैट प्रीमियर लीग के चौथे दिन फाइनल मैच कनिषिका वारियर्स व कैलाश भीमनानी चैपियंस के बीच हुआ, कैलाश भीमनानी चैपियंस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और उनके बल्लेबाजों ने ताबड़तोंड बल्लेबाजी की। कनिषिका वॉरियर्स लक्ष्य का पीछा करते हुए 57 रन पर सिमट गई और कैलाश भीमनानी चैपियंस 72 रनों से मैच जीत गई। मैन ऑफ़ द मैच कैलाश मतलानी को हरफनमौला उनके प्रदर्शन के लिए दिया गया। श्रृंखला में बेस्ट बॉलर का अवार्ड संतु भीमनानी को ,बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड और मैन ऑफ़ द सीरीज कैलाश मतलानी, बेस्ट फील्डर का अवार्ड आयुष नागदेव को दिया गया। कैट प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला शामिल थे,कैट अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने सभी खिलाड़ियों प्रायोजकों और अपने साथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कैट राष्ट्रीय सचिव सतीश सलूजा राजू, अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा, युवा अध्यक्ष नमित सलूजा उपस्थित थे विजेता की ट्राफी शैल वस्त्रालय की तरफ से एव उपविजेता ट्राफी प्रयास अकादमी की तरफ से दी गई।




टूर्नामेंट को सफल बनाने में कैट बिलासपुर अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा, महामंत्री अनिल राघवानी, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल, संजय मित्तल, सुरेन्द्र सिंह अजमानी, प्रमोद वर्मा, श्रीकांत पांडे, अनिल गुप्ता, विष्णु गुप्ता, मुकेश लालचंदानी, राजेश सैनी, चंदन कनोडिया, सुनील रॉय, प्रवीण सलूजा, हरदीप होरा, अरविंद वर्मा, विदुत मंडल, दीपक सिंह, करण उभरानी, विशाल विधानी, भरत ऋषि ने अपना सहयोग दिया कार्यक्रम में महिला टीम से निहारिका त्रिपाठी, किरण सिंह, प्रतिज्ञा सिंह, रेशु, अनामिका दुबे, सुमन द्विवेदी, रीता मौर्य, फिरोज आलिम, चुन्नी मौर्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आदिवासी समाज ने किया धरमलाल को सम्मानित



**बोदरी।** रहंगी खेल मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यक्रम के दौरान सर्व आदिवासी समाज की मांग पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने पत्थर खानभाटा बिल्हा में आदिवासी समाज के मंगल भवन के लिए 50 लाख की घोषणा की थी। मंगल भवन के लिए राशि घोषित करने पर आदिवासी समाज के प्रमुखों ने विधायक धरमलाल विधायक के निवास पर पहुंच कर उनका सम्मान किया। इस दौरान समाज के मुखिया कमल किशोर मरावी, शिवनारायण चीचम, धनुष मरावी, अनिल मरावी, विनोद मरावी, राजाराम पोर्ते, भारत लाल उइके, भूपेंद्र मरकाम, महासिंह नेताम, यदुनाथ उइके, कुम्मद जगत, शंकर लाल ध्रुव, साधराम नेताम, महेश ध्रुव सहित अन्य मौजूद रहे।

### पंचायत प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य संवर्धन प्रशिक्षण



**सिलदहा।** ग्राम पंचायत पाड़ियाइन के पंचायत भवन में 27 फरवरी को जन आरोग्य समिति एवं पंचायत प्रतिनिधियों को स्वास्थ संवर्धन पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पाड़ियाइन, जरेली, धरदई, रोहराकला के जनारोग्य समिति के सदस्य व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में रोहराकला की सरपंच पूर्णिमा राकेश, पाड़ियाइन सरपंच त्रिवेणी बारगाह सहित सभी ग्रामों से 10 पंच उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक ललिता मारवीव, स्वस्थ पंचायत समन्वयक सरोजनी वर्मा पथरिया, मितानिन प्रशिक्षक रामेश्वरी ठाकुर, पुनीत सिंगरौल, गायत्री लहरे, धरराकेश रोहराकला उपस्थित रहे।

### जांच के लिए एकत्र किए गए खाद्य पदार्थो के मनूने



**मुंगेली।** जिले में होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा मुंगेली एवं लोरमी से खाद्य पदार्थ मिल्क केक, पेड़ा, बेसन लड्डू, लच्छा रोल, रसगुल्ला, बर्फी, काजू रोल के साथ कुल 8 खाद्य पदार्थों का नमूना संकलित किया गया। सभी खाद्य नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर जांच हेतु भेजा जाएगा, जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। होली को ध्यान में रखकर सभी मिठाई विक्रेताओं को किसी भी प्रकार का मिलावट नहीं करने, साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया गया।

### 15 दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का समापन



**मल्हार।** महाशिवरात्रि पर्व से शुरू हुए 15 दिवसीय मल्हार मेला का रविवार को विधिवत समापन हुआ। पातालेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित अस्थाई कार्यालय में मेला समापन के लिए आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर मेला समिति का आभार जताया। नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त ने कहा कि, मेला हमारी छत्तीगढ़ की धरोहर है, और इस धरोहर को बचाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसीलिए सभी के सहयोग से ऐसे बड़े आयोजन शान्तिपूर्व संपन्न होते है। समापन कार्यक्रम में पार्षद रामफल कांत, पियुष पाटले मिथुन यादव, मिलुराम कैवर्त, प्रमोद थवाईत, धनेश्वर कैवर्त, ताराचंद अवस्थी, रामेश्वर सोनी, प्रह्लोद रजक, मिथलेश सोनी, विमलकांत सहित अन्य उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को दी गई फाइलेरिया रोग की विस्तृत जानकारी



**मुंगेली।** बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय चातरखार में फाइलेरिया मुक्त अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रेनिंग कंसल्टेंट, प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल भागलाल महिलांग द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को फाइलेरिया रोग से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि, फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो मच्छरों के माध्यम से फैलता है। उन्होंने रोग के प्रमुख लक्षणों, इसके दुष्प्रभावों तथा समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, रोग से बचाव के उपायों जैसे स्वच्छता बनाए रखना, मच्छरदानी का उपयोग करना तथा आसपास पानी जमा न होने देना आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

## अग्रसेन कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन व पुरस्कार वितरण समारोह

# विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर विद्या अध्ययन करना चाहिए: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा



शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में 'वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मौजूद रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने की। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे रहीं।

विधायक धरमलाल कौशिक ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, छात्र-छात्राओं के भविष्य की नींव रखने का काम महाविद्यालय करता है। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य तय करते हुए विद्या अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक और खेलकूद का जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सतीश शर्मा ने महाविद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वंदना जेन्ड्रे ने छात्रों में ओज और उत्साह का संचार करते हुए ओजस्वी स्वरों में युवाओं को देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ सावित्री त्रिपाठी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर महाविद्यालयीन गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर अतिथियों ने महाविद्यालयीन पत्रिका 'अग्रोदय' का विमोचन किया। समारोह के दौरान वर्ष भर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों के कर-कमलों से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ एमआर आगर ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ आरपी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विष्णु बिंदल, पुनीता डहरिया, नंदनी क्षत्रिय, विमला मानिकपुरी, सुकांतिराज, मोहन ढोरिया, बृजभूषण वर्मा, कोमल सिंह ठाकुर, दुर्गेश वास, संदीप सलुजा, अभय अग्रवाल, राजेश शर्मा, जगदीश बाबा, रमेश पाण्डेय, केतन वर्मा एवं भाजपा के अन्य विभिन्न पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का महाविद्यालय परिवार ने आत्मीय स्वागत किया।

### रविदास कॉलेज के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए धरमलाल



**सरगांव।** संत शिरोमणि गुरु रविदास शासकीय महाविद्यालय सरगांव में वार्षिक उत्सव के तहत 1 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति कार्यक्रमों पर आधारित नृत्य, गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक रहे। उनके साथ विधायक प्रतिनिधि के रूप में असद मोहम्मद और अन्य भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस मौके पर विधायक ने महाविद्यालय में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। इस दौरान विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के मांग पत्र के अनुसार आने वाले सत्र में नए पीजी क्लास खोलने के लिए आवेदन दिया गया है, जिसे खोलने का विधायक ने आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने आगामी सत्र में महाविद्यालय के खेलकूद मैदान के समतलीकरण का भी आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में वार्षिक सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं के विजोताओं को इनाम वितरण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डीएस ठाकुर ने विद्यार्थियों की मांग को विधायक के समक्ष रखी। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष दीपका चन्द्रशेख कौशिक, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, विधायक प्रतिनिधि असद मोहम्मद, सांसद प्रतिनिधि निखिल कौशिक, रणजीत सिंह हुरा, रामकुमार कौशिक, पंकज वर्मा, अनिल दुबे, संजीव नेताम, संतोष डहरिया, जमुना पाण्डे, नंदनी साहू, पुर्णिमा ध्रुव, राजकुमारी साहू, सविता कौशिक, निखिल कौशिक, उदित साहू, डॉ मुरली कौशिक, नवाब खान, दुर्गेश वर्मा सहित महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमन कुमार टोप्पो, डॉ स्वाति तिवारी, डॉक्टर संध्या पात्रे, डा एनके सिंह, प्रोफेसर मनीष माथुर, मनीष कुमार, रंजीत सर, विनोद एक्का सर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## शर्मा दंपती की दान में दी गई भूमि पर बना राज राजेश्वरी मंदिर

**बिलासपुर।** डॉ. अशोक शर्मा व श्रीमति शशि शर्मा द्वारा ग्राम खमरडीह में दान में दी गई भूमि पर राज राजेश्वरी माता मंदिर बनकर तैयार हो गया है। जनवरी 2027 में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी की जा रही है। डॉ. अशोक शर्मा व श्रीमति शशि शर्मा द्वारा ग्राम खमरडीह में जमीन दान की गई थी, जिस पर गुरुदेव ने धरे धरे आश्रम की शुरुआत की। आश्रम में गौशाला है एवं वेद शिक्षा के लिए 340 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। गुरुदेव के आश्रम का नाम श्रीचक्र महामेरू पीठ है, जिसे पीठाधीश सचिदानंद तीर्थ महाराज हैं। गुरुदेव को दान में मिली जमीन पर विश्व का दूसरा राज राजेश्वरी मंदिर बन का तैयार हो गई है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा जनवरी 2027 में करने की तैयारी हो रही है। आश्रम को 40 वर्ष से अधिक हो गया है, जहां गुरुजी द्वारा लोगों को सही मार्गदर्शन और उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है।







## श्री सिद्धबाबा मंदिर संघ शताब्दी वर्ष सद्भाव सम्मेलन

■ भारत में छुआछूत व भेदभाव का लोप हो गया : तोखन

**लोरमी।** ग्राम बिचारपुर श्री सिद्धबाबा मंदिर में संघ शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर खंड स्तरीय भव्य सामाजिक सद्भाव सम्मेलन अत्यंत गरिमा, अनुशासन और राष्ट्रभाव के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को संगठित, संस्कारित और राष्ट्रनिष्ठ बनाने का सशक्त प्रयास था।



कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, समरसता, सांस्कृतिक जागरण एवं सामाजिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।सम्मेलन में बिलासपुर सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल हुए एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर तोखन साहू ने कहा कि, भारत में सर्वाधिक छुआछूत भेदभाव का लोप हो गया है, समाज सम्राट होकर जीने वाला दिखता है। मैं पूरा भारत भ्रमण कर रहा हूं, आप सब का आशीर्वाद से और मुझे भारत की मिट्टी को जीवन में धारण करने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विश्वास है कि, सम्राट समाज से ही देश का निर्माण हो सकेगा। यह संदेश पूरे समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण करने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि, राष्ट्र निर्माण का मूल आधार संगठित, संस्कारित और जागरूक समाज है। उन्होंने सामाजिक समरसता को भारत की सनातन संस्कृति की आत्मा बताते हुए कहा कि, हमारी परंपरा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की रही है। कार्यक्रम का संचालन अक्षत शर्मा ने किया। इस अवसर पर राजकुमार कश्यप, जग सिंह ध्रुव, प्रदीप उपाध्याय, उमाशंकर राजपूत, नवीन सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, रामेष्वर बंजारे, चंद्रकांत डडसेना, श्यामलाल राजपूत, महेत्तर कश्यप, देवप्रकाश सिंह, रामेश्वर बंजारे, पवन खत्री, तामेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू, गुड्डू पाली, सोनू यादव, सुरेन्द्र, मनीष, चंद्रेश खत्री, दुर्गेश मरावी सहित विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 53 ग्राम ब्राउन शुगर सहित 5 गिरफ्तार, आरोपी भेजे गए जेल

**जरहागांव।** एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर जिले में जिले में 'ऑपरेशन बाज' चलाकर लगातार ब्राउन शुगर, चरस, अफीम जासे सूखे नशे के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जरहागांव पुलिस को रविवार 1 मार्च जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि, ग्राम जरहागांव के समीर कश्यप बाहर से अवैध रूप से ब्राउन शुगर लाकर बिक्री करने के लिए अपने अन्य दोस्तों के साथ जरहागांव शमशान घाट के पास इकठ्ठा हो रहे हैं।



सूचना पर जिले की साइबर सेल एवं थाना जरहागांव पुलिस द्वारा संयुक्त टीम गठित करम मौके पर रवाना किया गया। पुलिस की टीम ने श्मशान घाट पर दबिश देकर 5 व्यक्तियों को हिरासत मे लेकर पूछताछ की। पूछताछ में संदेहियों की पहचान समीर कश्यप पिता सुखनंदन प्रसाद उम्र 24 वर्ष निवासी ठाकुरदेव पारा जरहागांव, सियाराम कश्यप पिता लीलाराम उम्र 25 वर्ष निवासी ठाकुरदेव पारा जरहागांव, विरेन्द्र श्रीवास पिता विश्राम उम्र 34 वर्ष निवासी डीलवापारा जरहागांव, लोकेश उर्फ लक्की कश्यप पिता शिवकुमार उम्र 35 वर्ष निवासी महामाया पारा जरहागांव एवं रविशंकर कश्यप उर्फ बब्बा पिता भरत लाल उम्र 27 वर्ष निवासी छतौना थाना जरहागांव के रूप में हुई। उपस्थित गवाहों के समक्ष आरोपियों की विधिवत तलाशी ली गई एवं उनके कब्जे 53.51 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। आरोपियों से पृथक-पृथक पुछताछ करने पर उन्होंने समीर कश्यप के द्वारा नैनी प्रयागराज उत्तरप्रदेश से नगद एवं फोन पे से भुगतान कर ब्राउन शुगर खरीद कर लाने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 53.51 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती करीब 2 लाख 65 हजार रूपए, 6 नग मोबाइल कीमती 50 हजार रूपए, एक होंडा साइन बाइक सीजी 28 पी 1199 कीमती करीब 65 हजार रूपए, 1 नग इलेक्ट्रानिक तौल मशीन कीमती 1 हजार रूपए सहित कुल 3 लाख 81 हजार रूपए का माल बरामद किया गया। जरहागांव थाने में धारा 21 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## ओडिशा में हुआ वरिष्ठ नागरिक महासंघ का वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ ने अपना 23वां वार्षिक अधिवेशन उड़ीसा की राजधानी भुनेश्वर में आयोजित किया। आयोजन में देश के 17 राज्यों से आए 1 हजार 500 वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

छत्तीसगढ़ से भी प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासंघ के महासचिव धनेश सोलंकी के नेतृत्व में मुंगेली से 12 सदस्यों सहित दुर्ग से 26, बेमेतरा, बिलासपुर व कोरबा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि, मुंगेली के वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष सोलंकी को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं सम्मान के क्षेत्र में विशेष उल्लेखनीय कार्य किए जाने के फलस्वरुप उत्कृष्ट वरिष्ठ नागरिक सम्मान का मराठवाड़ा केसरी अन्ना साहब गवाने पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




वार्षिक अधिवेशन में शामिल वरिष्ठ नागरिक।

सोलंकी ने वरिष्ठों के अधिकार सुरक्षा एवं सम्मान के लिए अपने विचार रखते हुए दो पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरी को कम कर सामंजस्य बनाने की सलाह दी। अधिवेशन के राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की महान कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व मुंगेली के चेतन वरिष्ठ महिला संघ ने किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी गीत तथा नृत्य से मन मोह लिया, जिसकी सभी ने सराहना की। अधिवेशन में प्रमोद पाठक, लवबीर गुप्ता, हरि राम साहू, उमा शर्मा, मंजू सोलंकी, अनीता गुप्ता, प्रमिला चौरसिया, रेवती तंबोली, अलका गुप्ता, प्रमिला गुप्ता और सुरेखा सोनी ने भाग लिया।

## बच्चों ने किया विभिन्न विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन

# नवजागृति स्कूल में विज्ञान दिवस कार्यक्रम

**तखतपुर।** नवजागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान विषय पर सेमिनार तथा अति सुंदर, मनमोहक एवं क्रियाशील विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान व कला के माध्यम से अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन व पालको के सहयोग से मॉडल का निर्माण किया, जिसमें पाचन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र, परिवहन तंत्र ,सोलर सिस्टम वर्षा जल संरक्षण, भूकंप अलर्ट चंद्रयान-3,पवन चक्की, वाटर फिल्टर जैसे विभिन्न मॉडल शामिल रहे।



बच्चों ने अपने सेमिनार और मॉडल के माध्यम से संदेश दिया कि, वर्तमान युग विज्ञान का युग है, इसमें कोई शंका नहीं। हर चीज विज्ञान के सिद्धांत पर ही कार्य करती है, इसे नकारा नहीं जा सकता। किंतु इन चीजों का प्रयोग मानव मस्तिष्क पर निर्भर करता है। संस्था की प्राचार्य ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, बच्चे नन्हें वैज्ञानिक होते हैं, वह जिज्ञासु होते हैं एवं उनमें भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण होना अति आवश्यक है। संस्था प्रभारी समित सैमुएल तथा आयरिस बरखा सैमुएल ने डॉक्टर सीवी रमन के कार्यों को याद करते हुए कहा कि, उन्होंने रमन प्रभाव की खोज की थी, जिसके लिए 28 फरवरी को विज्ञान दिवस मनाया जाता है। पालको एवं अभिभावकों ने विद्यालय के इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि, नव जागृति विद्यालय में बच्चों को न केवल पुस्तकीय ज्ञान दिया जाता है, बल्कि उनके कला को भी निखार जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन विज्ञान प्रभारी दुर्गेश धुरी, अंजनी जांगड़े मैडम ने किया। अंत में गीता यादव मैडम ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस मौके पर में शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा संपन्न

**लोरमी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कलेक्टर कुंदन कुमार और आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त शिव कुमार बांधे के कड़े निर्देशों एवं मार्गदर्शन में यह परीक्षा जिले के 4 निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की गई।



परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। परीक्षार्थियों में बालकों की तुलना बालिकाओं की संख्या अधिक रही। कुल 440 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था, जिसमें 192 बालक, 248 बालिकाएं शामिल थीं। परीक्षा में उपस्थित 405 परीक्षार्थियों में 173 बालक व 232 बालिकाएं शामिल थीं। परीक्षा के सुचारू और पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इसी कड़ी में नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश सोनी ने शासकीय उमा विद्यालय, खुंडिया का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान नायब तहसीलदार श्री सोनी ने केंद्राध्यक्ष शिव कुमार मरावी से परीक्षा के संचालन, बैठक व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। सभी केंद्रों पर प्रशासन की मुस्तैदी के चलते परीक्षा बिना किसी व्यवधान के सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

### रामचरित मानस सम्मलेन व भागवत महापुराण 9 से

**तखतपुर।** अखिल भारतीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन समिति की ओर से श्री रामचरित मानस सम्मलेन एवं श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन 9 से 17 मार्च तक राम सदन तखतपुर में किया गया है। इस आयोजन में श्रीमद भागवत दोपहर 3 से शाम 7 बजे एवं श्रीराम कथा पर प्रवचन रात्रि 7 बजे से होगा। तैयारी में अनिल सिंह ठाकुर, कुंवर कांत देवांगन, अशोक दुबे, भागवत प्रसाद साहू, जुगलकिशोर पांडेय, योगेंद्र मिश्रा, श्रवण सिंह, महेंद्र पाण्डेय, सीपी दीक्षित, रोहन सिंह ठाकुर सहित अन्य जुटे हुए है।

### श्रीमद भागवत कथा के आयोजन में जुटे श्रद्धालु

**तखतपुर।** श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन ब्लाक रोड निवासी पुरूषोत्तम साहू के निवास में 5 से 13 मार्च तक किया जा रहा है। आयोजन में कथा वाचक पं मणीकांत पाठक एवं मुख्य यजमान कांता साहू व पुरूषोत्तम साहू हैं। तैयारी में काशीराम, तिजऊ राम, छोटे लाल, चोलाराम सहित अन्य जुटे हुए हैं।

## निधन

### श्री गुरु चरणदास महाराज

**बिलासपुर।** जिला- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही श्री राम जानकी मंदिर सकोला कोटमी कला के प्रथम पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री गुरु चरण दास महाराज 1 मार्च को ब्रह्मलीन हो गए। उनका पार्थिव शरीर दर्शनार्थ आश्रम में रखा गया है, अंतिम संस्कार 2 मार्च सोमवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा।



### शंकर लाल राय

**बिलासपुर।** सुभाष नगर गोंडपारा निवासी शंकर लाल राय का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास गोंडपारा लक्ष्मी स्पोर्टस से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सौरभ राय के पिता थे ।



### जयश्री कोरी

**बिलासपुर।** अयोध्यानगर निवासी जयश्री कोरी का 1 मार्च को निधन हो गया। वे 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश, रामेश्वरी एवं रमा की मां थीं।



### उदसिया देवी ठाकुर

**मस्तूरी।** ग्राम कोटमी सोनार के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. विश्राम सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती उदसिया देवी ठाकुर का 94 वर्ष की आयु में 1 मार्च को निधन हो गया। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरा परिवार छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे ओम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह की मां थीं।



### मनोज श्रीवास

**तखतपुर।** बेलसरी निवासी मनोज श्रीवास की 45 वर्ष की उम्र में 28 फरवरी को निधन हो गया। वे श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग के कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार बेलसरी मुक्तिधाम में किया गया।



कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 18/02/2026

प्रति, आवेदक श्रीमती मजूषा निर्मलकर पति-कृष्ण कुमार निर्मलकर आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. सनत कुमार राय 3. डॉ. मित्रा

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत् एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

सदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ना तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक तह./ना.तह./वा./2024 बिलासपुर, दिनाक 06/02/2026

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2506/3 रकबा 0.0200 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक श्रीमती मजूषा निर्मलकर निवासी तोरवा बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 17/03/26 को 10 से 5 बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र../अ-6-अ/2025-26
ग्राम अमेरी तहसील - सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका कुमारी उषा मुदलियार, आत्मज स्व. श्री टी.एल. मुदलियार, निवासी मसानगंज बिलासपुर के द्वारा ग्राम अमेरी, प.ह.नं. 43, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 114/5 में से रकबा 2000 वर्गफुट भूमि को आवेदिका के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 23.03.2000 को कोमल किशोर शर्मा से क्रय किया गया था। जिसका नामांतरण उपरांत खसरा नंबर 114/16 रकबा 2000 वर्गफुट भूमि वर्तमान अभिलेख में आवेदिका के नाम पर दर्ज हुआ, परंतु वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में वाद भूमि खसरा पांचसाला में धारणाधिकार में शासकीय भूमि प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09/03/26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 13/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**



## खबर संक्षेप

### उदित भाजयुमो जिला मंत्री, असद बने अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री




**सरगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में भाजपा ने जिला स्तर पर संगठन विस्तार की दिशा में नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। जारी सूची में नगर के दो होनहार युवाओं उदित साहू को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मंत्री और असद मोहम्मद को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री नियुक्ति किया गया।

### धुरी समाज ग्राम ईकाई के अध्यक्ष बने दिलहरण



**तखतपुर।** धुरी समाज तखतपुर की ग्राम ईकाई का चुनाव किया गया, जिसमें अध्यक्ष दिलहरण धुरी, उपाध्यक्ष रामप्रसाद धुरी, सचिव प्रताप धुरी, सह सचिव गोपाल धुरी, कोषाध्यक्ष अशोक धुरी को बनाया गया। चुनावी प्रक्रिया का संचालन बिलासपुर संभाग धुरी समाज के उपाध्यक्ष सुखनंदन धुरी, सचिव नंदकुमार धुरी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार धुरी के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस मौके पर तखतपुर धुरी समाज के विष्णु प्रसाद धुरी, नकुल, नर्मदा, दुर्गेश, सुनिल, किरण धुरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री बने टीकाराम, बादल जिला मंत्री




**पथरिया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलतरा निवासी टीकाराम वर्मा को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरछा निवासी बादल पात्रे को अनुसूचित जाति मोर्चा मुंगेली का जिला मंत्री बनाया गया है। नवीन दायित्व मिलने पर दोनों पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

### आपरेटर संघ के अध्यक्ष बने राकेश



**लोरमी।** ग्राम नवलपुर के सबस्टेशन में 33/11 ऑपरेटर संघ के बैठक में पदाधिकारी का मनोनयन हुआ। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राकेश साहू, उपाध्यक्ष रामफलपात्रे, सचिव अरुण कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष ब्रह्मानंद राजपूत, संयोजक वीरेंद्र जयसवाल, संरक्षक मनोज कुमार जायसवाल, रतन जायसवाल, सुशील राजपूत, संजय राजपूत ,अनिल राजपूत, हरिश्चंद्र राजपूत, खिलेश्वर राजपूत, मालिक राम, मोतीराम साहू, सूरज जायसवाल, रामचंद्र यादव, योगेंद्र यादव, शिवमंगल यादव, खमेंद्र यादव, नानूराम ध्रुव, मोती दत्त कश्यप, नरेंद्र निर्मलकर, मोतीराम साहू सहित सब स्टेशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### लहरे बने भाजयुमो के जिला मीडिया सह प्रभारी



**मुंगेली।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसके अनुसार भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी की अनुशंसा पर युवा मोर्चा के जिला मीडिया सह प्रभारी की जिम्मेदारी अक्षय लहरे को सौंपी गई। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि, इस नई टीम के माध्यम से जिले में भाजपा की विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी।

### रतनपुर से निकली अखंड ज्योति कलश दर्शन यात्रा



**बिलासपुर।** आचार्य श्रीराम शर्मा और माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में रतनपुर स्थित महामाया मंदिर से अखंड ज्योति कलश दर्शन यात्रा निकाली गई। कलश दर्शन यात्रा बेलगहना सिद्ध आश्रम होते हुए कोटेश्वर महादेव की नगरी कोटा पहुंची। इस दौरान लगभग 70 गांवों में ज्योति कलश के दर्शन हुए। इस दौरान इस कार्यक्रम में नंदनी पटनवार जिला समन्वय रामकुमार श्रीवास प्रभारी बिलासपुर उद्योग प्रजापति ब्लॉक समन्वयक तखतपुर डॉक्टर फेकू लाल साहू ब्लॉक समन्वयक कोटा टिंकू बैंसवाडे गायत्री प्रज्ञा पीठ स्कूल कर्ता संचालक शिवचरण साहू डॉक्टर महेंद्र कश्यप दिनेश पांडे गायत्री प्रज्ञा पीठ नवागांव रतनपुर राधेश्याम साहू गुरुजी राजा राम साहू प्रतिमा राजपूत सरिता कंवर शरद जायसवाल छेदीलाल कश्यप पुजारी राम कौशिक गुरु जी अवतार सिंह सर्विस लाल साहू रामभरोस साहू डॉक्टर श्रवण साहू भरत साहू गायत्री प्रज्ञापीठ कोटा भागवत प्रजापति विष्णु अग्रवाल मनजीत सिंह पवार संतोष जायसवाल गुरुजी अनीता नंदिनी साहू शैल साहू महेश तिलवानी रामकिशन डॉक्टर संजीव पवार आदि का सहयोग रहा।

---

### सवालों के घेरे में अमृत मिशन योजना, गुणवत्ता पर उठे सवाल

# बेतरतीब खोदाई से बिगड़ी सड़कों की हालत, जनता में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

नगर पालिका परिषद रतनपुर में शासन की महत्वाकांक्षी अमृत मिशन योजना 2.0 के अंतर्गत खूंटाघाट बांध से पूरे नगर को नल-जल आपूर्ति करने का कार्य तेजी से जारी है। लगभग 78 करोड़ रुपए की लागत से संचालित इस योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। योजना के तहत चार ओवरहेड टंकियों का निर्माण, आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना तथा नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन विकास की यह रफ्तार अब शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बनती दिख रही है।

नगर के मुख्य मार्गों से लेकर वार्डों की गलियों तक पाइपलाइन बिछाने के नाम पर बेतरतीब खुदाई की जा रही है। कई स्थानों पर गहरे गड्ढे खोदकर बिना समतलीकरण के छोड़ दिए गए हैं। इससे सड़कों की डामर उखड़ चुकी है, धूल और कीचड़ से आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है। खराब सड़क के कारण दुपहिया वाहन चालक आए हादसों का शिकार हो रहे हैं, जबकि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम ढलते ही अंधेरे और खुले गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



**तत्काल कार्रवाई की मांग:** नगरवासियों ने मांग की है कि, पाइपलाइन कार्य के साथ-साथ तत्काल सड़क मरम्मत सुनिश्चित की जाए एवं गुणवत्ता की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए एवं लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि, अमृत मिशन जैसी जनकल्याणकारी योजना जनता के हित में है, लेकिन निगरानी के अभाव और ठेकेदारों की मनमानी से इसका उद्देश्य विफल हो सकता है।

#### गुणवत्ता और मानकों पर उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि, पाइपलाइन बिछाने में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। सुरक्षा मानकों और तकनीकी प्रक्रिया की अनदेखी की जा रही है, जिससे भविष्य में जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। नागरिकों का कहना है कि, करोड़ों रुपए की इस योजना में यदि गुणवत्ता से समझौता किया गया तो, इसका खामियाजा आने वाले वर्षों तक नगरवासियों को भुगतना पड़ेगा।

#### शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

लगातार शिकायतों के बावजूद अफसरों द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार पर सख्ती नहीं होने से नगर पालिका प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के सामाजिक संगठनों ने योजना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि, यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

---

## खातों में राशि पहुंचने से किसानों के चेहरों पर आई खुशियां: मोहले



**मुंगेली।** कृषि उपज मंडी परिसर में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को आदान सहायता राशि वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिल्हा के ग्राम रहंगी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के किसानों के बैंक खातों में 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण किया। जिले में इस योजना के तहत 1 लाख 5 हजार 700 से अधिक किसानों के खातों में कुल 387 करोड़ 57 लाख रुपए से अधिक की राशि अंतरित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, आदान सहायता राशि सीधे किसानों के खातों में पहुंचने से उनके चेहरों पर खुशियां साफ दिखाई दे रही हैं। उन्होंने सभी उन्होंने कहा कि, किसानों को ऋण पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं देना पड़ता, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलती है। विधायक ने किसानों को धान के साथ–साथ दलहन और तिलहन जैसी अन्य फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने किसान समृद्धि योजना के तहत प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए की सहायता राशि मिलने की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने किसानों से शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि, सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने कहा कि, शासन की मंशा किसानों को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाना है।

---

## कलेक्टर ने किया विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**भर्रीडांड़।** जीपीएम कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने मरवाही विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षा संचालन और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से आयोजित बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को कक्षा 12वीं की अर्थशास्त्र और जीव विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे के साथ परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद हिन्दी विद्यालय भर्रीडांड, शासकीय उमा विद्यालय बंशीताल, स्वामी आत्मानंद उमा विद्यालय मरवाही, शासकीय उमा विद्यालय परासी, स्वामी आत्मानंद हिन्दी विद्यालय सिवनी और परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उमा विद्यालय निमधा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया तथा केंद्राध्यक्षों से परीक्षा केंद्र में शामिल विद्यालयों और परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थियों के बारे के जानकारी ली। उन्होंने अनुशासन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ परीक्षा संचालित करने के निर्देश केंद्राध्यक्षों को दिए।

## वनमंडल का ट्रैकिंग कार्यक्रम 31 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**लोरमी।** ग्राम खुड़िया वनक्षेत्र में वनमंडल के द्वारा 'प्रकृति के करीब-स्वास्थ्य के लिए ट्रैक' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत सफलतापूर्वक 4 किलोमीटर की ट्रैकिंग पूर्ण की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना रहा। इस ट्रैक कार्यक्रम में कुल 31 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी सम्मिलित हुए। ट्रैक के दौरान प्रतिभागियों को वनों को आग से बचाने के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया गया कि, वनाग्नि की घटनाओं को रोकने हेतु जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों एवं पर्यटकों से अपील की गई कि, वे जंगल क्षेत्र में जलती बीड़ी-सिगरेट न फेंकें, सूखी घास में आग न लगाएं तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें। वनमंडल अधिकारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि, ऐसे कार्यक्रम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

## उद्यानिकी कॉलेज में बना सब्जी का बुके मुख्यमंत्री को भेंट



**बिल्हा।** रहंगी में आयोजित किसान मेला में उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र बिल्हा की ओर से आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल में उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न आधुनिक मॉडल, उन्नत तकनीकों की जानकारी तथा किसानों के लिए उपयोगी सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में फल एवं सब्जी फसलों के उन्नत उत्पादन मॉडल, संरक्षित खेती की तकनीकें, मृदा परीक्षण किट के उपयोग की विधि, विभिन्न वानिकी उत्पाद, कीट पहचान हेतु तैयार की गई कीट बॉक्स तथा आकर्षक वेजिटेबल बुके विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मृदा परीक्षण किट के माध्यम से किसानों को मिट्टी की उर्वरता जांचने एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ टीएल साहू भी प्रदर्शनी स्टॉल पर उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए आधुनिक उद्यानिकी तकनीकों को अपनाने, फसल विविधीकरण एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग पर जोर दिया। उनके मार्गदर्शन में वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों ने उपस्थित किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन, पोषण प्रबंधन तथा मूल्य संवर्धन के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## विवेकानंद स्कूल में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**बेलतरा।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलतरा में शनिवार 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिवस महान वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने 28 फरवरी 1928 को "रमन प्रभाव" की खोज की थी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक गगन कुमार कौशिक ने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व को समझाते हुए कहा कि, विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है तथा इसके माध्यम से हम देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई, जिसमें कक्षा तीसरी से आठवीं तक के बच्चों ने मॉडल प्रस्तुत किया। बच्चों ने वैज्ञानिक सिद्धांतों एवं प्रयोगों का सुंदर प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों ने सराहा। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों ने विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

---

## नवजागृति स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम

**तखतपुर।** नवजागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान विषय पर सेमिनार तथा अति सुंदर, मनमोहक एवं क्रियाशील विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान व कला के माध्यम से अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन व पालको के सहयोग से मॉडल का निर्माण किया, जिसमें पाचन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र, परिवहन तंत्र ,सोलर सिस्टम वर्षा जल संरक्षण, भूकंप अलर्ट चंद्रयान-3,पवन चक्की, वाटर फिल्टर जैसे विभिन्न मॉडल शामिल रहे। बच्चों ने अपने सेमिनार और मॉडल के माध्यम से संदेश दिया कि, वर्तमान युग विज्ञान का युग है, इसमें कोई शंका नहीं। हर चीज विज्ञान के सिद्धांत पर ही कार्य करती है, इसे नकारा नहीं जा सकता। किंतु इन चीजों का प्रयोग मानव मस्तिष्क पर निर्भर करता है। संस्था की प्राचार्य ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, बच्चे नन्हें वैज्ञानिक होते हैं, वह जिज्ञासु होते हैं एवं उनमें भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण होना अति आवश्यक है। संस्था प्रभारी समित सैमुएल तथा आयरिस बरखा सैमुएल ने डॉक्टर सीवी रमन के कार्यों को याद करते हुए कहा कि, उन्होंने रमन प्रभाव की खोज की थी, जिसके लिए 28 फरवरी को विज्ञान दिवस मनाया जाता है। पालको



एवं अभिभावकों ने विद्यालय के इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि, नव जागृति विद्यालय में बच्चों को न केवल पुस्तकीय ज्ञान दिया जाता है, बल्कि उनके कला को भी निखार जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन विज्ञान प्रभारी दुर्गेश धुरी, अंजनी जांगड़े मैडम ने किया। कार्यक्रम के अंत में गीता यादव मैडम ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस मौके पर में शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## लगातार 9वीं बार चैंपियन बना डाइट पेंड्रा

**पेंड्रा।** अंबिकापुर में 26 से 28 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता में डाइट पेंड्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार नौवीं बार चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता में डाइट अंबिकापुर, डाइट धर्मजयगढ़, डाइट जांजगीर, डाइट कोरिया, डाइट जशपुर, डाइट पेंड्रा, डाइट कोरबा एवं बीटीआई बिलासपुर सहित कुल आठ संस्थानों के 120 प्रतिभागियों ने 26 प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

डाइट पेंड्रा के छात्राध्यापकों ने साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेलकूद सभी विधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। वाद-विवाद और तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में ईशारानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



समूह नृत्य में डाइट पेंड्रा प्रथम तथा नृत्य नाटिका में तृतीय रहा। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भी ईशारानी प्रथम रहीं। खेलकूद में बैडमिंटन बालक वर्ग में दीप साहू और बालिका वर्ग में किरण ओट्टी ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका युगल में किरण ओट्टी एवं गरिमा आर्मो प्रथम तथा बालक युगल में दीप साहू एवं गौरव नामदेव द्वितीय रहे। 100 व 200 मीटर दौड़ में रूपेंद्र प्रथम रहे। 100 मीटर दौड़ एवं 80 मीटर रस्सी दौड़ में गरिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में ललित तृतीय रहे। मार्च पास्ट में भी डाइट पेंड्रा को प्रथम स्थान मिला। अकादमिक नवाचार प्रतियोगिता में संस्था तृतीय स्थान पर रही।

---

### दुर्गावती गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक उत्सव

# उत्कृष्ट छात्राओं को किया गया सम्मानित

**तखतपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय तखतपुर में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्राकार, मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य जीडीसी डॉ जेपी शिवहरे, अशोक ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, प्रीतम कश्यप, नूरिता कौशिक उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शुभदा राहलकर ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्राओं की उत्कृष्ट उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि, महाविद्यालय निरंतर महिला सशक्तिकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह दूसरे चरण में पुरस्कार वितरण आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ शुभदा राहलकर और मुख्य अतिथि संतोष कौशिक सहित आमंत्रित अतिथियों ने पूरे वर्ष के दौरान शैक्षणिक क्षेत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं, खेलकूद



प्रतियोगिताओं की विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि संतोष कौशिक ने छात्राओं के आत्मविश्वास की सराहना की, और कहा कि, तखतपुर जैसे क्षेत्र में कन्या शिक्षा की यह मशाल सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन ऋचा जांगड़े, डॉ विकास चंदानी, अनुश्री पांडेय एवं आभार सहायक प्राध्यापक सुरेश पटेल ने किया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार साहू, दिलीप तोलानी, प्रमोद ठाकुर, आयुष सिंह, गुलजीत खुराना, श्वेता जायसवाल, नूरिता कौशिक, नैन लाल साहू, गुरदीप कौर खुराना, परवेज भारमल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शासकीय स्कूल केवटपारा में वार्षिक उत्सव

**मल्हार।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केवटपारा के संयुक्त प्रांगण में उत्साह के साथ वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य, सामूहिक गीत, छत्तीसगढ़िया गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी केवट के मुख्य अतिथ्य में पार्षद सरोजिनी केवट, विष्णु केवट, मीलू राम केवट, सुजीत राजभानु, अनिल केवट, रामहरि कैवर्त, जतन कुमार केवट, बधनेश्वर केवट, चंदू केवट, श्रवण केवट, रामलाल केवट, भारती तिवारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य वेदप्रकाश शुक्ला, अकतराम सिन्हा, संकुल समन्वयक लकेश्वर नेताम, ओमप्रकाश पांडेय, राजेश पांडेय, चेतन तिवारी, संजय दुबे, जगदीश तिवारी की उपस्थिति रही।

## संघ की सामाजिक सद्भाव बैठक



**तखतपुर।** समाज में आपसी भाईचारा, समरसता एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तखतपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख, नागरिक एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ विनोद तिवारी ने सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका तथा पारस्परिक सहयोग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर संवाद स्थापित करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। इस प्रकार की बैठकों से आपसी विश्वास एवं सहयोग की भावना और अधिक मजबूत होती है। सभी समाज प्रमुखों ने सामाजिक सद्भाव एवं एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन विजेंद्र देवांगन एवं आभार सुशील सिंगरौल ने किया। इस अवसर पर गलीराम प्रजापति, अनिल गौरहा, पूर्णेंदु भट्ट, अनिरुद्ध द्विवेदी, डॉ श्याम जायसवाल, नवीन ठाकुर, केशव शर्मा, नैनलाल साहू, सुरेन्द्र यादव, रामस्नेही पटेल, किशन पाण्डेय, नोहर श्रीवास, सोनू पटवा, अश्वनी वैष्णव, श्याम निर्मलकर, सुनील साहू, लक्ष्मी प्रसाद, यशवंत साहू,सोम पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मियों की थानों में की गई पोस्टिंग

**बिलासपुर।** एसएसपी ने दूसरे जिलों से तबादला में आए पुलिसकर्मियों की थानों में पोस्टिंग की है। एसएसपी रजनेश सिंह ने एसआई निलाकर सेठ का रतनपुर, ओमप्रकाश परिहार की रतनपुर, प्रधान आरक्षक निसार परवेज की रतनपुर, महिला प्रधान आरक्षक अनिता पाटले की सिविल लाइन व सिविल लाइन थाना से महिला प्रधान आरक्षक छन्दा दास की महिला थाना में पोस्टिंग की है।

### प्रेमिका ने की खुदकुशी फरार प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने से मना करने पर प्रेमिका के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में फरार प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि मल्हार क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने 25 फरवरी को प्रेमी के द्वारा शादी करने से इनकार करने पर प्रेमी धनगंवा निवासी राजू लहरिया पिता चंदन लहरिया के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर राजू लहरिया के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 69 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया था। पुलिस फरार आरोपी प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार की टक्कर से चार दोस्त घायल

**बिलासपुर।** कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए स्कूटी व बाइक सवार चार दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में चारों दोस्त घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, पुराना सरण्कडा निवासी राजेश कुमार साहू अपने दोस्त प्रमोद बक्शी के साथ अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 0625 में चकरभाठा एयरपोर्ट की ओर जा रहे थे। उनके पीछे बाइक क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 3898 से उनके दोस्त केशव टाण्डन रामप्रसाद बंजारे जा रहे थे। सामने से तेज गति में आ रही कार क्रमांक सीजी 07 सीएन, 8086 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी व बाइक को टक्कर मार दी। जिससे चारों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने राजेश कुमार साहू की पत्नी संध्या साहू की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पर्यावरण पर आधारित सेमिनार का समापन

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार ''पर्यावरण लचीलेपन के लिए बहुविषयक – दृष्टिकोण समावेशी विकास की राह, चुनौतियाँ और अवसर'' पर आज समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक जोगलेकर, विशिष्ट अतिथि मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डे, एयू के कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अंजू तिवारी ने की। मुख्य अतिथि श्री जोगलेकर ने कहा कि हमारे हित में पर्यावरण कितना संतुलन है। विशिष्ट अतिथि मुख्य वनसंरक्षक श्री पाण्डे ने कहा कि पर्यावरण की जब हम बात करते है तो सबसे पहले वन, जल, वायु, और जमीन की चर्चा करते हैं, हमें विकास के साथ–साथ प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति की ओर लौटना चाहिए। पर्यावरण का विनाश हो रहा है।

शिकायतों और समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

कमिश्नर के निर्देश पर बनाए गए कंट्रोल रूम, नोडल अधिकारी नियुक्त

# पेयजल संकट से निपटने हर जोन में भी अधिकारी तैनात, नंबर जारी

**बिलासपुर।** नगर निगम ने आगामी गर्मी में संभावित पेयजल संकट से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। निगम प्रशासन ने विकास भवन मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यह कंट्रोल रूम पेयजल संबंधी शिकायतों और समस्याओं के निराकरण के लिए बनाया गया है। निगम प्रशासन के अनुसार, यह पहली बार है जब पेयजल संकट से निपटने के लिए इस तरह का कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर विकास भवन के



प्रथम तल पर कंट्रोल रूम (दूरभाष नं. 07752-471224) बनाया गया है।




कार्यपालन अभियंता अनुपम तिवारी को इसका नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जल संबंधी समस्याओं के लिए उनसे उनके मोबाइल नंबर 9993596615 पर संपर्क किया जा सकता है। कंट्रोल रूम में शिकायतों को दर्ज करने और उनके निराकरण के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सहायक ग्रेड-03 रियाज हुसैन (मो. 7000200800) सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक तैनात रहेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रेमनारायण जायसवाल (मो. 7470357576) अपनी सेवाएं देंगे।

### जोन स्तर पर भी बनाए गए कन्ट्रोल रूम

नगर निगम सीमांतर्गत जोन क्रमांक 1 से 8 में भी कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें अधिकारियों / कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिनके नंबर पर फोन करके जोन एरिया में पेयजल संबंधी समस्या से अवगत कराया जा सकेगा। जोन क्रमांक 1 सकरी जोन कार्यालय - हितेश मक्कड़, उप अभियंता, 9907826133, जोन क्रमांक 2 तिफरा जोन कार्यालय -आशीष कुमार गुप्ता, उप अभियंता 7987003705, जोन क्रमांक 3, 4, 5 हेतु पंप हाउस- भूषण पैकरा, उप अभियंता 7745902646, धर्मेन्द्र जोशी, सहायक ग्रेड-3 मोबाइल नंबर 9827994849, जोन क्रमांक 6, तोरवा जोन कार्यालय- चन्द्रशेखर साहू, सहायक अभियंता 8770705880, जोन क्रमांक 7, जिला खेल परिसर सरकण्डा जोन कार्यालय -गोपाल अग्रवाल, उप अभियंता 9340969140, जोन क्रमांक 8, सिटी बस डिपो जोन कार्यालय- देवनारायण मरकाम, उप अभियंता 8770786315

धड़ल्ले से शहर में घुस रहे भारी वाहन, दुर्घटना की बढ़ी आशंका

# परिवहन व पुलिस विभाग की अनदेखी का फायदा उठा रहे ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर चालक



सड़क पर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि वाहन सड़क पर सरपट दौड़ते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वहीं पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं।

जानकारी के अनुसार रोजाना सैकड़ों ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां क्षमता से अधिक मात्रा में धान, रेत, गिट्टी और लोहा जैसे भारी सामानों का अवैध रूप से परिवहन कर रहे हैं। इस दौरान शहर में घुसने के साथ ही इनपर पुलिस की नजर नहीं पड़ रही है, जिससे बेधड़क वाहनों का प्रवेश हो रहा है। ओवरलोड वाहनों के चलने से सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं। इन गड्ढों में भारी वाहनों के फंस जाने से कई घंटों तक जाम लग जाता है। वही किसानों के काम आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियां का विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से व्यवसायिक कामों में धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। बसों में भी क्षमता से अधिक सवारी ढोने के कारण कई बार लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लेकिन विभाग इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, जबकि हकीकत यह है कि माह में दो-चार ट्रकों को पुलिस पकड़ कर चालान करती है, वहीं परिवहन विभाग के अधिकारियों जुर्माना की रसीद काट चालू काम कर रहे है। शहर और आसपास के क्षेत्रों में रोजाना छोटे- बड़े करीब चार सौ से अधिक ओवरलोड वाहन गुजरते हैं।सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना लगा ओवरलोड वाहन सड़कों से गुजर रहे हैं।

### नियम तोड़ने पर वाहन मालिक होगें जिम्मेदार

एसएसपी ने नो एंट्री पर कड़ा शिकंजा कसते हुए छूट वाली गाड़ियों के नियम तोड़ने पर मालिक के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई के आदेश जारी कर दिया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री व्यवस्था में सख्ती दिखाते हुए अनाधिकृत रूप से शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई करने को कहा है। जिन वाहनों को प्रशासनिक छूट मिली है। उसमें पीडीएस चावल, मंडी से धान परिवहन, पीएचई, रेलवे सहित अन्य विभाग के निमार्ण कार्य से जुड़े वाहन, गैस, दूध, दवा, फायर ब्रिगेड, पानी सप्लाई जैसी आवश्यक सेवाओं के वाहन प्रशासनिक अनुमति के आधार पर निर्धारित शर्तो के साथ छूट श्रेणी में रखे गए है। इन वाहनों के रूट भी निर्धारित है। नियम तोड़ने पर चालक के अलावा मालिक, ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई का आदेश दिया गया है। एक्सीडेंट करने वाला वाहन तो किसी भी हालत में शहर के अंदर नहीं आना चाहिए।

### की जाती है कार्रवाई

शहर के अंदर आ रहे भारी वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाती है। हमारी टीम रोजाना कोनी, चकरभाठा, मस्तुरी, कोटा, तखतपुर जैसे इलाकों में भारी वाहनों को रोकती है और कार्रवाई की जाती है। इसके लिए फ्लाइंग की टीम भी लगी हुई है। कई बार थाने के सुपुर्द भी भारी वाहनों को किया जाता है।

**-असीम माथूर,** आरटीओ, परिवहन विभाग

# मास चेकिंग से बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग मार्च के करीब आते ही एक बार फिर एक्टिव हो चुका है। जहां एक तरफ करोड़ों का बकाया विभाग के माथे पर बल दे रहा है, वहीं विभाग अब बिजली चोरी पर नजर गड़ा दी है। पश्चिमी डिवीजन में दो दिन के भीतर 65 अवैध कनेक्शन पर कार्रवाई की गई है, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया है।

सिटी सर्किल के पश्चिम डिवीजन में 27 व 28 फरवरी को नेहरू नगर, गोल बाजार और सरकंडा जोन में मास चेकिंग की गई। इस दौरान विद्युत विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कनेक्शनों की गहन जांच की। विभाग के अधिकारियों ने 65 कनेक्शनों में अनियमितता पाई जिसके चलते तत्काल ही पेनाल्टी की कार्रवाई की गई। डिवीजन के ईई भरत भूषण नेताम में बताया कि मीटर बायपास, डायरेक्ट हुकिंग एवं अन्य विद्युत चोरी के मामले पाए गए है , जिसमें उपभोक्ताओं के कड़ी कार्रवाई की गई है। साथ ही विभाग ने राजस्व की वसूली के लिए 15.60 लाख पेनाल्टी बिल भी थमा दिया है।

### इन उपभोक्ताओं पर की गई कार्रवाई

बिजली विभाग ने गोल बाजार जोन के अंतर्गत पुराना बसस्टैंड स्थित रघुवीर राजपूत, किरण वैश्य, सलूजा विहार के अजय कुमार कश्यप, तेलीपारा स्थित गिरीश सोनी, श्रीकांत वर्मा मार्ग के मंजू मुरारका, सरकंडा जोन के अंतर्गत नूतन चौक सोनू यादव, विष्णु वंशकार, विनय कौशिक , गायत्री यादव सरकंडा को बिजली चोरी करते पकड़ा है। जिस पर विभाग ने भारी भरकम पेनाल्टी कर दिया है।

### लाइन लॉस रोकने की कवायद

अधिकारियों ने बताया कि गर्मी आ चुकी है, जिससे बिजली लोड बढ़ रहा है, ऐसे में चोरी और लाइन लॉस रोकने के लिए विभाग के अधिकारियों को पूरी छूट दी गई है। आगामी दिनों में इस तरह की कार्रवाई नियमित तौर पर किए जाने के संकेत मिल रहे है। अधिकारियों ने चेताया है कि विद्युत लोड और अवैध कनेक्शनों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। पेनाल्टी नहीं पटाने वालों के केस सीधे न्यायालय भी भेजे जाएंगे।

# पेंट्रीकार में बनाया जा रहा भोजन, कार्रवाई कुछ नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे बोर्ड ने पेंट्रीकार में पकने वाले भोजन नाश्ते पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाकर रखा हुआ है, लेकिन बिलासपुर से चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के पेंट्रीकार में बेधड़क भोजन और नाश्ता पकाने का काम किया जा रहा है। यह ट्रेन गेवरा से आकर बिलासपुर से रायपुर, नागपुर होकर अमृतसर तक जाती है, जिसमें आईआरसीटीसी की कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाती है।

रेल प्रशासन ने लंबी दूरी की ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा देकर रखी हुई है। पेंट्रीकार यानि बीच रास्ते में यात्रियों को अगर खाने, पीने की दिक्कत हो जाए, तो वे पेंट्रीकार कर्मचारी से आर्डर देकर अपने बर्थ तक भोजन व नाश्ता, चाय मंगा सकें। पूर्व में यात्रियों के सुबह का नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन, चाय, काफी, कोल्ड ड्रिंक सहित



### 15 रुपए का पानी 20 में बेचा जा रहा

पेंट्रीकार के अलावा स्टेशन प्लेटफार्म में संचालित होने वाले स्टॉल संचालकों और उनके कर्मचारियों की भी मनमानी काफी बढ़ चुकी है। रेल नीर प्लांट ओपन नहीं होने के कारण नागपुर से बोतल की सप्लाई की जा रही है। पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए रेल प्रशासन ने अमरकंटक और दूसरे कंपनी की पानी बोतल बिक्री का भी आदेश दिया है। यह पानी की बोतल 15 रुपए की यात्रियों को बेची जानी है, लेकिन एक स्टॉल संचालक इंद्रजीत के स्टाल कर्मचारी 15 रुपए की बोतल 20 रुपए में बिक्री कर रहे हैं।

अन्य खाने-पीने के सामान पेंट्रीकार में बनते थे। पेंट्रीकार का भोजन यात्रियों को रास नहीं आ रहा था। इसके साथ ही कई बार ट्रेनों में आग लगने की घटना भी हो चुकी थी। इसे देखते हुए रेलवे बोर्ड ने एक आर्डर जारी करते हुए सभी पेंट्रीकार में भोजन, नाश्ता पकाने पर प्रतिबंध लगा दिया। पेंट्रीकार में प्रतिबंध लगने के बावजूद कई संचालक अपनी मनमानी करने लगे, जिनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की गई। कार्रवाई के डर से कुछ दिनों तक भोजन पकना बंद करा दिया गया। वहीं यात्रियों की खाने-पीने की दिक्कत न हो, इसके लिए रेलवे बोर्ड ने ई-कैटरिंग के साथ बेस कीचन की सुविधा शुरु कर दी। बेस कीचन में बड़े स्टेशन पर ट्रेनों का स्टापेंज होने के साथ ही गरम भोजन और नाश्ता चाय चढ़ाया जाने लगा। ई-कैटरिंग में यात्री आनलाइन भोजन की बुकिंग करने लगे, जिससे संबंधित होटल से उनके बर्थ तक भोजन और नाश्ता पहुंच भी रहा है। यह कार्य वर्तमान में सभी ट्रेनों में किया जा रहा है। इसके बाद अब पेंट्रीकार संचालकों के आदेश पर मैनेजर और कर्मचारी यात्रियों के बजाय अपने स्वयं के लिए भोजन, चाय नाश्ता बनाना शुरु कर दिए हैं, जिसपर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है।

### मेल को रोककर लांगहॉल को छोड़ा

**बिलासपुर।** शनि की शाम मुम्बई सीएसएमटी से हावड़ा की ओर जाने वाली 12809 मेल एक्सप्रेस रायपुर से राइट टाइम रवाना की गई, लेकिन अचानक दाधापारा स्टेशन से रवाना होने और बिलासपुर स्टेशन में शाम 6.10 बजे पहुंचने से पहले ट्रेन को अचानक आउटर में रोक दिया गया। 5 बजकर 55 मिनट पर आउटर में रूकी ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक खड़ी रही, जिसके कारण सफर करने वाले यात्री हलाकान हो गए। इस दौरान रायपुर से बिलासपुर होकर जयरामनगर की ओर जाने वाली लांगहॉल ट्रेन को ग्रीन सिग्नल मिल और वह ट्रेन धड़ल्ले से मेल एक्सप्रेस के सामने से रवाना हो गई। इससे यात्रियों की नाराजगी और बढ़ गई और उन्होंने हंगामा मचाना शुरु कर दिया। लांग हॉल के रवाना होने के बाद मेल एक्सप्रेस को बिलासपुर नहीं लाया गया। मेल के बजाय बिलासपुर से भगत की कोठी के लिए ट्रेन पहले रवाना किया गया, जिसके बाद शाम 7.30 बजे मेल आउटर से बिलासपुर स्टेशन तक पहुंची।

# 5 आदतन बदमाश गिरफ्तार



**बिलासपुर।** तोरवा पुलिस ने होली के पहले गुण्डा बदमाशों पर अंकुश लगाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने धारदार हथियार व फरार वारंटी 5 आदतन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, क्षेत्र में होली पर्व शांति व सौहाद्र से मनाने के लिए पहले शांति समिति की बैठक ली गई। उसके बाद क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले आदतन बदमाशों की धरपकड़ में लग गई है। रविवार को अभय छिपेल पिता शिव कुमार बापूउपनगर , विजय पासी पिता मुकेश पासी लालखदान, प्रथम चौहान पिता रंजित चौहान लालखदान को पकड़कर उनके पास से धारदार हथियार बरामद किया गया है। तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह लंबे समय से फरार चले रहे अरमान अली पिता शमशाद अली लालखदान, करण पासी पिता रघुनाथ पासी लालखदान निवासी को गिरफ्तारी वारंट के तहत पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया है।

### मंगला से नेहरू चौक तक जाने वाली सड़क जर्जर

**बिलासपुर।** मंगला चौक से कूदुदण्ड होकर नेहरू चौक की ओर जाने वाली सड़क की हालत काफी जर्जर हो गई है। उबड़-खाबड़ गड्ढों के कारण वाहन चालक काफी परेशान होते हैं। निगम ने इससे पूर्व इस मार्ग पर पेंचवर्क करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली थी। इसके बाद भी हल्की बारिश के बाद इस सड़क की हालत फिर से जर्जर हो गई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620 , 9691735152

# अवैध शराब बेचते पांच कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले पांच कोचिया को पकड़कर भार मात्रा में महुआ व देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने पांचों को गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा पुलिस ने देवरीखुर्द निवासी आदतन बदमाश विकास भारती पिता राजू भारती 26 साल को पकड़कर उसके पास से 52 पाव देशी शराब जब्त की गई है। कोनी पुलिस ने बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएन, 3208 में सवार पुरूषोत्तम खाण्डे पिता जुठेल 36 साल हरदी तखतपुर व झगरू राम गाहिरे पिता श्याम सिंह गाहिरे 32 साल को पकड़कर उनके कब्जे से 60 नग देशी शराब जब्त किया है। सीपत



पुलिस ने सीपत निवासी महेंद्र खरे पिता शंकर खरे 26 साल, राकेश वर्मा पिता संतराम वर्मा 35 साल को पकड़कर उनके कब्जे पास से 38 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने पांचों कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है।




